दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित






● नई दिल्ली।। बुधवार 31 जुलाई -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 292 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# वायनाड भूस्खलन : मृतकों की संख्या बढ़कर 123 हुई, सैकड़ों के मलबे में दबे होने की आशंका

**वायनाड/नयी दिल्ली।** केरल के पर्वतीय वायनाड जिले में मंगलवार तड़के कई जगहों पर भारी बारिश के बाद हुई भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 123 लोगों की मौत हो गयी है तथा सैकड़ों लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका के कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बताया कि वायनाड में भूस्खलन के बाद अब तक 123 शव बरामद हो चुके हैं तथा 128 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि भूस्खलन में मरने वाले 34 व्यक्तियों के शवों की पहचान की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इनमें से 18 शव मृतकों के परिवारों को सौंप दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के पोथुकल में चलियार नदी से 16 शव मिले हैं, इसके अलावा शवों के टुकड़े भी बरामद किये गये हैं। उन्होंने कहा कि कई लोगों फंसे होने या बह जाने की आशंका है और हम बचाव कार्य जारी रखेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता और वायनाड के पूर्व सांसद राहुल गांधी ने संसद में इससे पहले दिन में कहा था कि भूस्खलन की घटनाओं में 70 से अधिक लोगों की मौत हुई है।





भूस्खलन की घटनाएं मंगलवार तड़के हुईं जिससे अपने घरों में सो रहे लोगों को बचने का मौका भी नहीं मिल पाया। भूस्खलन ने तबाही के निशान छोड़े हैं। कई मकान जमींदोज हो गए हैं, नदियां उफान पर हैं और कई पेड़ उखड़ गए हैं। सेना, नौसेना और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के बचाव दल खराब मौसम के बीच पीड़ितों की तलाश कर रहे हैं और पीड़ित लोगों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए कई एजेंसियां ??मिलकर काम कर रही हैं। एक वरिष्ठ सरकारी सूत्र के अनुसार, जिले के मेप्पडी के पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद कई भूस्खलन हुए हैं जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका पैदा हो गयी है। सूत्र ने बताया कि बचावकर्मियों को नदियों और कीचड़ से लोगों के अंग बरामद हो रहे हैं, इसलिए इस त्रासदी में मारे गए लोगों की सही संख्या का पता लगाना मुश्किल है। सूत्र ने बताया कि यह स्पष्ट नहीं है कि जो अंग मिल रहे हैं, वे एक ही व्यक्ति के हैं या कई व्यक्तियों के हैं। उसने बताया कि मृतकों में कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं और उनकी पहचान तथा पोस्टमार्टम के लिये के लिये शवों को विभिन्न अस्पतालों के मुर्दाघरों में ले जाया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन प्रभावित इलाकों में मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टमाला और नूलपुझा गांव शामिल हैं। केरल सरकार ने भूस्खलन में लोगों की मौत के बाद प्रदेश में दो दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। मुख्यमंत्री विजयन ने कहा कि राज्य सरकार इस घटना से बहुत दुखी है जिसमें कई लोगों की जान चली गयी है और संपत्ति को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है।

मुख्य सचिव वी। वेनू द्वारा जारी एक आधिकारिक अधिसूचना में 30 और 31 जुलाई को राजकीय शोक घोषित किया गया है। प्रोटोकॉल के अनुसार, इन दो दिनों में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और सभी सरकारी कार्यक्रमों को रद्द किया जाएगा। बचाव दल मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

भारतीय सेना भी बचाव अभियान में शामिल हो गयी है। राज्य सरकार ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के अलावा पुलिस तथा दमकल कर्मियों को प्रभावित इलाकों में तैनात किया है। लोग फोन पर मदद की गुहार लगा रहे हैं और बचावकर्मी मलबे से लोगों को निकालने की कोशिशों में जुटे हैं।

# पंजाबी समाज भर रहा है चुनावी हुंकार लेकिन उसकी बैठकों से गायब है भगवा दावेदार

### अगर भाजपा ने टिकट नहीं दिया वाली शर्त तो नहीं है ना आने के लिए जिम्मेदार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पंजाबी समाज को भाजपा का कोर वोटर माना जाता है। ये समाज भाजपा के साथ हर चुनाव में जाता है। इस बार उपचुनाव में इस समाज की मांग है कि भाजपा उनके साथ आये। भाजपा पंजाबी समाज के चेहरे को टिकट दे। पंजाबी समाज ने उपचुनाव को लेकर हुंकार भर दी है। वो इस बात के लिए तैयारी कर रहे हैं। बताया जाता है कि लगातार पंजाबी समाज की बैठके हो रही हैं। इन बैठकों में राजनीतिक रूप से इस बात को लेकर जागरूकता हो रही है कि हमारे समाज की सियासी भागीदारी तय होनी चाहिए। हमें भी टिकट चाहिए। पंजाबी समाज बैठके कर रहा है और सबसे खास बात ये है कि पंजाबी समाज की इन बैठकों से भाजपा के पंजाबी समाज के दावेदार ही गायब है। पंजाबी समाज तैयार है तो दावेदार क्यों नहीं आ रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि भाजपा के पंजाबी दावेदार ये तो चाहते हैं कि समाज उनके लिए माहौल बनाये लेकिन वो खुद फ्रंट पर नहीं आ रहे हैं। बताने वाले बता रहे हैं कि पंजाबी समाज की बैठकों में यह तथ्य भी आता है कि सबसे पहले भाजपा से टिकट मांगेंगे और यदि भाजपा ने टिकट नहीं दिया तो फिर चुनाव दूसरे दल से लड़ेंगे। यही बात हो सकती है जो भाजपा के दावेदारों को पंजाबी समाज की बैठकों में आने से रोक रही हो। क्योंकि कोई भी भाजपा दावेदार रिस्क उठाने के मूड में नहीं है। अगर वाला सवाल ही उनके लिए एक रिस्क फैक्टर है क्योंकि अगर भाजपा ने टिकट नहीं दिया वाली बात पर वो भाजपा नेतृत्व को नाराज नहीं करना चाहते।

### हो चुकी हैं बैठक चार और लगातार हो रहा है चुनाव लड़ने पर विचार

करंट क्राइम। सूत्रों की माने तो पंजाबी समाज अपनी सियासी भागीदारी को लेकर गंभीर है। अगर उनकी बैठकों का हिसाब लगायें तो चार बैठक प्रमुख हो चुकी है। पहली बैठक सुखसागर फार्म हाऊस में हुई। दूसरी बैठक बीएल बत्रा के घर पर हुई। तीसरी बैठक विजय नगर मे हुई और चौथी बैठक बजरिया में हुई। इंटरनल बैठकें चल रही है और इन बैठकों में इस बात पर भी विचार हो गया है कि सबसे पहले सत्ताधारी दल भाजपा से टिकट मांगेंगे और भाजपा अगर टिकट नहीं देती है तो फिर तय करेंगे कि कौन सी पार्टी से पंजाबी उम्मीदवार को चुनाव लड़ाया जायेगा।

### समाज ने तो बुलाये हैं दावेदार लेकिन ये चेहरे आने को नहीं है तैयार

करंट क्राइम। समाज को बड़ी अदालत माना जाता है। समाज की पंचायत में बड़े फैसले होते हैं। लेकिन सूत्र बताते हैं कि पंजाबी समाज की बैठकों में पंजाबी समाज में तो दावेदार बुलाये हैं लेकिन ये दावेदार आते नहीं है। बैठक वाले सूत्र बताते हैं कि कई बार कई बैठकों में दावेदारों को बुलाया गया है लेकिन ये चेहरे आने को तैयार नहीं है।

### 15-20 दिन के अंदर होगी 800-1000 पंजाबियों की बड़ी सभा

करंट क्राइम। पंजाबी समाज इस बार सियासी भागीदारी भाजपा से मांग रहा है। वो बैठके कर रहे हैं और इंटरनल मीटिगों का दौर जारी है। सूत्र बताते हैं कि पंजाबी समाज के चेहरे इस बार आर पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। अभी तो इंटरनल बैठक चल रही है और जल्द ही पंजाबी समाज अपनी ताकत दिखाने के लिए तैयार है। सूत्र बता रहे हैं कि 15-20 दिन के अंदर पंजाबी समाज की एक बड़ी सभा आयोजित होने जा रही है। इस सभा में 800-1000 पंजाबी समाज के लोग मौजूद रहेंगे। भागीदारी की बात होगी, समाज जुड़ेगा और यहां पहली मांग भाजपा से होगी।

### भाजपा नहीं करेगी घोषित तो पंजाबी समाज करेगा अपने उम्मीदवार की घोषणा

करंट क्राइम। पंजाबी समाज अपनी सियासी भागीदारी की बात कर रहा है। उसके चेहरे लगातार लामबंद हो रहे है। वो ये मांग कर रहे हैं कि हमें चुनावी मौका दिया जाये। दैनिक करंट क्राइम पहले से ही ये मुद्दा उठा चुका है कि पंजाबी समाज को चुनावी मौका नहीं मिला है। पंजाबी समाज के लोग बैठक कर रहे हैं और इन बैठकों का सार ये है कि सबसे पहले भाजपा से टिकट मांगेंगे। समाज का कोई एक फेस नहीं है। समाज की मांग ये है कि आप केवल पंजाबी समाज के किसी भी चेहरे को टिकट दे दें। सूत्र बताते हैं कि अगर भाजपा टिकट नहीं देती है तो यह तय हो गया है कि पंजाबी समाज अपने चेहरे को घोषित करेगी। पंजाबी समाज का चेहरा आयेगा और ये चेहरा विपक्ष से भी आ सकता है।

# व्यावसायिक भवनों के टैक्स में मिल रहीं लगातार अनियमितताएं, दोषियों पर हो कार्रवाई : महापौर



गाजियाबाद, करंट क्राइम। शहर में गृह कर को लेकर लगातार शिकायत आती रहती हैं जिनपर नगर निगम कार्य करता रहता है लेकिन उसके बाद भी कुछ ऐसी शिकायतें मिलती हैं जिनको देख कर शहर की चिंता होती है। ऐसा ही एक मामला पुराने बस स्टैंड स्थित संतोष अस्पताल का सामने आया है। ऐसे ही अधिकांश व्यावसायिक भवन हैं जिनमें लगातार अनियमितताएं मिल रही हैं, जिसकी जानकारी नगर निगम अधिकारियों को समय-समय पर दी जा रही है।

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि सभी व्यावसायिक भवनों पर सम्पत्ति कर का निर्धारण नियमानुसार वर्तमान दर पर ही किया जाए एवं इसके साथ व्यावसायिक भवनों पर सही टैक्स लगाने पर नगर निगम की संपत्ति कर से होने वाली आय वर्तमान आय से कई गुना बढ़ सकती है और नगर निगम के पास विकास कार्यों के लिए पर्याप्त धन हो सकेगा एवं ऐसा करने से नगर निगम को आवासीय भवनों पर टैक्स प्रक्रिया में बदलाव करने की आवश्यकता नहीं होगी और शहर की जनता को नगर निगम किसी नए आर्थिक बोझ से बचा पाएगी। ऐसा करने से ही जनहित एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था की पूर्ण स्थापना होगी।

### महापौर ने दिए सम्पत्ति कर की सही गणना कराने के निर्देश

करंट क्राइम। पता चला है कि टैक्स विभाग ने भवन के मालिक और स्वयं के हित के लिए भवन की संपत्ति कर पत्रावली में जीआईएस सर्वे की रिपोर्ट का संज्ञान नहीं लिया है। सम्पत्ति कर की गणना में रजिस्ट्री विलेख को आधार बनाकर सम्पत्ति कर की गणना की गई है जिसमें 100% टैक्स नहीं लगाया गया है। बेसमेंट आदि के क्षेत्र को निर्माणाधीन दर्शाया गया है जबकि वह पूरा कवर्ड एरिया है। महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उपरोक्त प्रकरण की दोबारा सही गणना कराई जाए जिसके प्रमाण भी अधिकारियों को उपलब्ध करा दिए गए हैं।

# शिवरात्रि जलाभिषेक को लेकर भी जारी रहेगा रूट डायवर्जन प्लान दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर की ओर नहीं जाएगा कोई भी वाहन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दो अगस्त को शिवरात्रि का पर्व है और शिवरात्रि के पर्व पर शिव भक्त और कावंड़िये एक अगस्त की रात 12 बजे से ही दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में जलाभिषेक शुरू कर देंगे। जलाअभिषेक को लेकर लगातार पुलिस के आलाधिकारी दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का निरीक्षण कर रहे हैं। यहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं और बाकायदा यहां राउंड द क्लॉक ड्यूटी लगा दी गई हैं। वहीं यातायात पुलिस की ओर से शिवरात्रि जलाभिषेक को लेकर डायवर्सन प्लान लागू कर दिया गया है। जिसके अनुसार दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर की ओर आने वाले किसी भी मार्ग पर वाहन लाने ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी।



### ऐसे रहेगा रूट डायवर्जन

- चौधरी मोड़ की ओर से हापुड़ तिराहा/मेरठ तिराहा की ओर जाने वाले वाहनों को घंटाघर फ्लाईओवर के उपर से उनके गंतव्य को भेजा जायेगा।




- घण्टाघर फ्लाईओवर से नीचे जस्सीपुरा/हापुड़तिराहा की ओर किसी भी दिशा में किसी भी वाहन को नहीं जाने दिया जायेगा।
- विजयनगर की ओर से आने वाले वाहन गौशाला बैरियर से आगे दूधेश्वरनाथ मन्दिर की ओर नहीं जा सकेंगे।
- दूधेवश्रनाथ मन्दिर पर चौधरी मोड़ की ओर से जलाभिषेक हेतु आने वाले ऋद्धालु अपने वाहनों को रामलीला मैदान में पार्क करेंगे एवं जलाभिषेक हेतु मन्दिर तक पैदल जायेंगे।
- दूधेवश्रनाथ मन्दिर पर विजयनगर की ओर से जलाभिषेक हेतु आने वाले ऋद्धालु अपने वाहनों को मिलिट्री ग्राउण्ड में पार्क करेंगे एवं जलाभिषेक हेतु मन्दिर तक पैदल जायेंगे।

### महत्वपूर्ण नंबर भी अपने पास रखें

- **ट्रैफिक नियन्त्रण कक्ष- सीयूजी-** 9643322904
- **लैण्ड लाइन-** 0120-2986100
- **यातायात निरीक्षक प्रथम (दिल्ली- मेरठ एक्सप्रेस वे/शहर क्षेत्र-**70078470973
- **यातायात निरीक्षक द्वितीय मेरठ रोड/शहर क्षेत्र-** 8707676770
- शिवरात्रि को लेकर दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पर सभी तैयारी पूरी की जा रही हैं। वहीं सुरक्षा का भी पुख्ता बंदोबस्त रहेगा।
- दिनेश कुमार पी, एडिशनल सीपी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

# पुलिस के लिए टेंशन बने आउट ऑफ कंट्रोल कांवड़िये, अब किन्नरों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

## बीते चार दिनों से लगातार हो रहा है किसी न किसी थानाक्षेत्र में हंगामा, पुलिस को भी आई चोट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांवड़ यात्रा में कभी आस्था, शिव भक्ति और देशभक्ति व आधुनिकता का नजारा देखने को मिलता था लेकिन इस बार माहौल बदला हुआ है। कांवड़ यात्रा इस बार धार्मिक आस्था से ज्यादा हंगामा, बवाल और उत्पात के लिए सुर्खियों में है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीते कुछ ही दिनों के दौरान चार थानाक्षेत्रों में कांवड़ियों के द्वारा बवाल की एक के बाद एक तस्वीरें सामने आ रही हैं। सोमवार की रात जहां सिहानी गेट थानाक्षेत्र अंतर्गत मेरठ रोड पर कांवड़ियों ने किन्नरों पर चोरी का शक होने पर उनकी जमकर पिटाई की, तो किन्नरों को बचाने के लिए पहुंचे पुलिसकर्मियों को भी कांवड़ियों ने अपना निशाना बनाया। आरोप है कि इस दौरान कांवड़ियों ने थाना प्रभारी सहनी गेट और एसीपी नंदग्राम पर भी हमला बोला। दोनों के चोटें आई हैं। साथ ही थाने का अन्य स्टाफ भी कांवड़ियों द्वारा मारपीट और बत्तमीजी का शिकार हुआ है। इतना ही नहीं कांवड़ियों ने मौके पर पहुंची पुलिस की गाड़ियों पर भी डंडे और हाथ मार-मार कर हूटर व लाइट तोड़ने का प्रयास किया है।

### किन्नरों से खफा कांवड़ियों ने पुलिस को दी सजा

**करंट क्राइम।** सोमवार की रात मेरठ रोड पर कांवड़ियों ने जो हंगामा मचाया, उसमें न केवल दो किन्नर उनके निशाने पर आए, बल्कि पुलिस वालों को भी कांवड़ियों ने नहीं बख्शा। इस दैरान आरोप है कि हंगामें और मारपीट की सूचना पर जब सिहानी गेट थाना प्रभारी और एसीपी नंदग्राम मौके पर पहुंचे तो कांवड़ियों ने उनके साथ भी बदतमीजी और मारपीट की। हालांकि एसीपी को तो उनके पुलिसकर्मियों ने बचा लिया लेकिन थाना प्रभारी पर कई कांवड़ियों ने डंडे से चोट पहुंचाने का काम किया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें थाना प्रभारी सिहानी गेट कांवड़ियों के हंगामा से किन्नौरों को बचाने के लिए दौड़ रहे हैं।




### कई जगह पुलिस ने रोका बवाल, तो कई जगह मूकदर्शक बने रहे

**करंट क्राइम।** इस बार की कावंड़ यात्रा में पुलिस ने कई स्थानों पर हंगामा होने से रका है। तो आरोप यह भी है कि कई स्थानों पर पुलिस मूकदर्शक बनी रही और कांवड़ियों ने कानून व्यवस्था को अपने हाथ में लेते रहे। मुरादनगर से लेकर साहिबाबाद तक की जो तस्वीरें हैं, वह बता रही हैं कि इस बार की कावंड यात्रा के दौरान जिस तरीके का हंगामा बरपा है ऐसा पहले देखने को नहीं मिला।



### मुरादनगर से लेकर साहिबाबाद तक मचा चुके हैं कांवड़िए हंगामा और उत्पात




करंट क्राइम। बीते कुछ दिनों के दौरान ही कांवड़ यात्रा में कांवड़ियों ने मुरादनगर से लेकर साहिबाबाद तक मेरठ-हरिद्वार मार्ग पर अपना हंगामा मचा चुके हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान सबसे पहले मुरादनगर थानाक्षेत्र में एक होंडा सिटी कार को कावंड़ियों ने अपने आक्रोश का निशाना बनाया था। इसके बाद ही मुरादनगर नहर में रोकने पर कांवड़ियों ने मुरादनगर चौकी और आसपास के इलाके में हंगामा किया। तो वहीं मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में सोमवार की सुबह एक बिजली विभाग विजिलेंस की पुलिस लिखी गाड़ी टकराने पर उसे तहस-नहस कर दिया था। इसके साथ ही साहिबाबाद थाना क्षेत्र में एक शराब की दुकान खुली होने और वहां पर्दा ना लगा होने पर हंगामा किया गया था। साथ ही सोमवार की रात जिस तरीके से सिहानी गेट थाना क्षेत्र में किन्नरों पर चोरी का आरोप लगाते हुए मारपीट हंगामा किया गया है, वह दर्शा रहा है कि इस बार की कावंड़ यात्रा पूरी तरह हंगामा की भेंट चढ़ती हुई नजर आ रही है।

# इंडिया गठबंधन की रैली में अखिलेश बोले: भाजपा ने स्वार्थ के लिए केजरीवाल को जेल में डाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बिगड़ते स्वास्थ्य और अवैध गिरफ्तारी के खिलाफ इंडिया गठबंधन की जंतर-मंतर पर एक बड़ी रैली हो रही है। रैली में आम आदमी पार्टी के बड़े नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे हैं। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और गिरते स्वास्थ्य को लेकर इंडिया गंठबधन द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन में आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और संदीप पाठक मंच पर पहुंचे।



### मंच पर पहुंचे राम गोपाल यादव

मंच पर समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव ने कहा कि केंद्र सरकार मात्र एक साल तक ही चलेगी। समाजवादी पार्टी पूरी तरह से आप आदमी पार्टी के साथ है। वहीं शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने कहा कि शिवसेना उद्धव गुट का डीएनए और इंडिया गठबंधन का डीएनए एक है। गुजरात के जो दो तानाशाह हैं वो सबसे डरपोक हैं। जब हमारी सरकारी आयेगी तो बताएंगे की ईडी और सीबीआई क्या है। यही इन दोनो तानाशाह को भी जेल में डालेगी।

आम आदमी पार्टी लगातार भाजपा पर षड्यंत्र का आरोप लगा रही है। आप का आरोप है कि भाजपा अरविंद केजरीवाल को जेल में मारना चाहती है। लगातार उनका ब्लड प्रेशर कम हुआ। तीन जून से सात जून के बीच 34 बार ब्लड प्रेशर गिरा।

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा की इससे पहले भी दिल्ली में अरविंद केजीवाल के पक्ष में रैली की गई थी। उसमे भी कहा गया था कि अन्याय किया जा रहा है। भाजपा ने अपने स्वार्थ के लिए सीएम केजरीवाल को जेल में डाल दिया। यूपी ने इस बार भाजपा को हरा कर अपना फैसला समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन को जिताया है। भाजपा को यह पता होना चाहिए कि जनता उनके खिलाफ है। अखिलेश यादव ने आगे कहा कहा कि मैंने चुनाव से पहले एक बात कही थी कि दिल्ली (केंद्र सरकार) के पास कई ऐसे संगठन हैं, जो समय-समय पर नेताओं को परेशान करते हैं, वो संगठन उन्हें न्याय नहीं मिलने देते... अगर हम सत्ता में आए तो हम ऐसे संगठनों को हमेशा के लिए खत्म कर देंगे। हमारे लोकतंत्र में किसी पर झूठा आरोप नहीं लग सकेगा।

### केजरीवाल की रिहाई की मांग दिल्ली से ही नहीं बल्कि देश के हर कोने: राघव चड्ढा

आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा, 'आज आम आदमी पार्टी द्वारा जंतर-मंतर पर एक विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया था। इंडिया गठबंधन की एकता आज मंच पर नजर आई। अरविंद केजरीवाल की रिहाई की मांग सिर्फ दिल्ली से ही नहीं बल्कि देश के हर कोने से आ रही है। देश के हर कोने से नेता आए और अरविंद केजरीवाल, सुनीता केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के संघर्ष में शामिल होकर इस आवाज को बुलंद किया'।

# मुख्य सचिव ने सौंपी आतिशी को रिपोर्ट बताया उस दिन क्यों हुई इतनी बड़ी घटना

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्य सचिव ने मंगलवार को ओल्ड राजिंदर नगर हादसे में मंत्री आतिशी को जांच रिपोर्ट सौंप दी। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस कोचिंग संस्थान ने ड्रेनेज सिस्टम को पूरी तरह से बंद कर दिया है और इस तरह की घटनाओं से निपटने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपाय भी नहीं किए हैं।

संस्थान की पार्किंग का रास्ता सीधे सड़क से जुड़ा हुआ है और भारी बारिश की स्थिति में पानी स्टॉर्मवॉटर ड्रेन में जाने के बजाय सीधे इस पार्किंग क्षेत्र में प्रवेश करता है। रिपोर्ट में आगे लिखा है, सुरक्षा कर्मचारियों की ओर से कोई सतर्कता नहीं बरती गई, जिसके परिणामस्वरूप पानी बिना रुके पार्किंग क्षेत्र को पार कर बेसमेंट में घुस गया और इसमें तीन बच्चों की जान चली गई। हालांकि, क्षेत्र की ड्रेनेज प्रणाली के रखरखाव के लिए जिम्मेदार सहायक अभियंता (एम-1)/केबीजेड को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।



### आतिशी ने लगाया था बड़ा आरोप

बता दें कि राजस्व मंत्री आतिशी ने दिल्ली के मुख्य सचिव पर बड़ा आरोप लगाया था। आतिशी ने सवाल उठाते हुए पूछा था कि क्या कोचिंग सेंटर्स बचाने की कोशिश करे हैं चीफ सेक्रेटरी? मंत्री के आदेश के बावजूद 24 घंटे में राजेंद्र नगर घटना की रिपोर्ट नहीं सौंपी। आतिशी ने 24 घंटे में जांच रिपोर्ट देने के आदेश दिए थे।

### एमसीडी कमिश्नर ने कही ये बात

एमसीडी कमिश्नर अश्विनी कुमार ने कहा है कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और इसमें हमने दो-तीन मोर्चों पर काम किया है। हम उस क्षेत्र में सभी अतिक्रमणों को ध्वस्त कर देंगे और वहां जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे। सभी बेसमेंट जो अवैध हैं या कोचिंग सेंटर वहां चल रहे हैं, हम उनके खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। दिल्ली नगर निगम ने एक जूनियर इंजीनियर को बर्खास्त कर दिया है और एक सहायक इंजीनियर को निलंबित कर दिया है और संबंधित कार्यकारी इंजीनियर से स्पष्टीकरण मांगा है।

### दृष्टि आईएएस के विकास दिव्यकीर्ति ने रखा अपना पक्ष

दृष्टि आईएएस के एक्स अकाउंट पर पोस्ट साझा करते हुए विकास दिव्यकीर्ति ने कहा कि, 'हमें खेद है कि हमने अपना पक्ष रखने में देरी की। वस्तुतः हम नहीं चाहते थे कि अधूरी जानकारी के आधार पर कुछ कहें। इस देरी के लिये हम हृदय से क्षमाप्रार्थी हैं। शनिवार की दुर्भाग्यपूर्ण घटना, जिसमें 3 विद्यार्थियों श्रेया यादव, तान्या सोनी और निविन डाल्विन की असमय व दर्दनाक मृत्यु हुई।

## न्यूज डायरी

### अनुराग ठाकुर ने दी मुझे गाली, नहीं चाहिए माफी हम कराएंगे जातिगत गणना : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को उस समय हंगामा हो गया जब भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने जातिगत गणना के मुद्दे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष किया। अनुराग ठाकुर ने ये भी कहा कि उधार की बुद्धि से राजनीति नहीं चलती। आजकल कुछ लोगों पर जातिगत जनगणना का भूत सवार है। अनुराग ठाकुर के 'जाति' संबंधी टिप्पणी पर पलटवार करते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, ₹अनुराग ठाकुर ने मुझे गाली दी है, मेरी बेइज्जती की है, लेकिन मुझे इनसे माफी भी नहीं चाहिए।



मुझे इसकी जरूरत नहीं है। आप मुझे जितना चाहें अपमानित कर सकते हैं, लेकिन आपको यह नहीं भूलना चाहिए कि हम संसद में जाति जनगणना विधेयक पारित कराएंगे। गरीबों और वंचितों के लिए आवाज उठाने वालों को अक्सर गालियां मिलती हैं। हम सभी गालियां सहने के लिए तैयार हैं और जाति जनगणना करवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हंगामे के बीच राहुल गांधी ने कहा, ₹इस देश में जो भी दलितों के लिए बोलता है, उनके लिए लड़ता है, उसे दूसरों से गालियां खानी पड़ती हैं। मैं सारी गालियां खुशी-खुशी खा लूंगा। महाभारत में अर्जुन की तरह मैं केवल मछली की आंख देख रहा हूं। हम जाति जनगणना कराएंगे। आप मुझे जितनी चाहें उतनी गालियां दे सकते हैं। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के बयान पर सपा सांसद अखिलेश यादव ने सवाल उठाते हुए कहा कि आप किसी की जाति कैसे पूछ सकते हैं? आप किसी की जाति नहीं पूछ सकते।

### बिजली दरों में इजाफे से उद्योगपतियों को होगा नुकसान : भूपेश बघेल

**रायपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मौजूदा सरकार पर उद्योगपतियों के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, किसी भी प्रदेश के विकास में उद्योगपति की भूमिका अहम होती है। भूपेश बघेल ने कहा, ह्लछत्तीसगढ़ मिनी स्टार्ट प्लांट एसोसिएशन और छत्तीसगढ़ स्पंज आयरन मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन ने मुझे ज्ञापन सौंपा है। राज्य में पहली बार किसी सरकार ने उद्योगों पर तालाबंदी की है। मैं समझता हूं कि इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। इससे प्रदेश में 150 उद्योग बंद हुए हैं। अब आप समझ सकते हैं कि इससे कितनी बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हुए होंगे। अभी-अभी राज्य में 600 मेगावाट बिजली की डिमांड कम हुई और एक-दो दिन के अंदर हजार मेगावाट बिजली की डिमांड कम हो जाएगी। उद्योगपतियों का कहना है कि राज्य सरकार ने 20 फीसद बिजली की दरों में इजाफा कर दिया है। सरकार का कहना है कि हमने सिर्फ 25 पैसा बढ़ाया है। मुख्य रूप से बात यह है कि जो बिजली आपको 6 रुपया 10 पैसे में मिल रहा था। अब वो 7 रुपए 62 पैसे में मिलेगा। भले आपने 25 पैसा अभी बढ़ाया है, लेकिन आपने इससे जुड़े कई अन्य कारकों की दरों में भी इजाफा किया है। ऐसे में अगर पूरा हिसाब किया जाए, तो उद्योगपतियों पर बिजली के दाम में 1.50 रुपए का इजाफा किया गया है। इससे उन पर आर्थिक बोझ पड़ना लाजमी है, लेकिन सरकार को इन सब बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता, वो सिर्फ अपना आर्थिक हित साधने में लगी हुई है। उन्होंने आगे कहा, अगर आप पड़ोसी राज्यों की बात करें, जिसमें ओडिशा और पश्चिम बंगाल आते हैं, लेकिन इन राज्यों में भी उद्योगपतियों को बिजली 5 रुपए के आसपास ही मिल रही है। छत्तीसगढ़ में भी कई उद्योगपतियों को पांच रुपए की दर के हिसाब से बिजली मुहैया कराई जाती है, लेकिन मेरा सवाल राज्य सरकार से है कि हमारे प्रदेश में उद्योगपतियों को 7 रुपए की दर से बिजली क्यों मुहैया कराई जा रही है? इससे ना महज राज्य सरकार को रेवेन्यू का नुकसान होगा, बल्कि रोजगार के मोर्चे पर भी गहरा आघात पहुंचेगा। ऐसे में मेरा सवाल यह है कि सरकार इस दिशा में क्या काम कर रही है।



### कांग्रेस बताए कि उसकी वर्किंग कमेटी व राजीव गांधी फाउंडेशन में ओबीसी का क्या स्थान है : जेपी नड्डा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने राहुल गांधी के आरोपों का क्रमवार जवाब दिया। इससे पहले सोमवार को राहुल गांधी ने सरकार पर किसानों, अग्निवीर व एससी-एसटी, ओबीसी की अनदेखी के आरोप लगाए थे। राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि सरकार में ओबीसी व पिछड़ों का समुचित प्रतिनिधित्व नहीं है। इसका जवाब जेपी नड्डा ने अपने वक्तव्य में दिया। उन्होंने कहा कि यह बताएं कि मंडल कमीशन की रिपोर्ट, काका कालेलकर की रिपोर्ट कब आई थी और वह कहां पड़ी थी, कहां उस पर धूल जम रही थी। जेपी नड्डा ने राज्यसभा में कहा कि मंडल कमीशन की रिपोर्ट पर राजीव गांधी ने क्या कहा था। वोटों की खातिर आज आप ओबीसी के चैंपियन बन रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस से पूछा कि बताइए कि आपकी वर्किंग कमेटी में कितने पिछड़े वर्ग के लोग हैं। राजीव गांधी फाउंडेशन के बोर्ड में कितने पिछड़े वर्ग के लोग हैं, कितने एससी-एसटी हैं। उन्होंने कहा कि यूपीए के टाइम में नेशनल एडवाइजरी कमेटी में कितने एससी, एसटी, ओबीसी थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली, दूसरी व तीसरी कैबिनेट में सबसे ज्यादा एससी-एसटी व ओबीसी का प्रतिनिधित्व रहा है। अग्निवीर पर भी जेपी नड्डा ने राहुल गांधी को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आजकल अग्निवीर पर अग्नि लगी हुई है। आप आर्मी के बहुत बड़े हिमायती हो गए। राष्ट्रीय हितों के साथ पॉलिटिक्स नहीं होनी चाहिए। आप अग्निवीर की सिफारिशों को जरा ध्यान से पढ़िए। देश और दुनिया की आर्मी को स्टडी कीजिए। जब अटैक होगा तो वह यह नहीं पूछेगा कि यह कमल को जा रहा है या हाथ को जा रहा है। उसकी गोली इस तरीके से चलेगी।



# गुमराह कर शादी करने और धर्म परिवर्तन कराने पर आजीवन कारावास, विधानसभा में पास हुआ विधेयक

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक पास हो गया है। इससे अब गुमराह कर शादी करने और अनुसूचित जाति व जनजाति (एससी-एसटी) के लोगों को धर्म परिवर्तन कराने पर आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। गुमराह कर शादी करने और अनुसूचित जाति व जनजाति (एससी-एसटी) के धर्म परिवर्तन कराने के मामलों में आरोपी को अब आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। मंगलवार को यूपी विधानसभा में उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दे दी गई है। विधानमंडल सत्र के दूसरे दिन विधेयक को मंजूरी दे दी गई है। प्रदेश सरकार ने इससे पहले विधानसभा में धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक, 2021 पारित किया था। इस विधेयक में एक से 10 साल तक की सजा का प्रावधान था। संशोधन के जरिये पिछले विधेयक को सजा और जुमार्ने की दृष्टि से और मजबूत किया गया है। नए प्रावधानों के अनुसार यदि किसी नाबालिग, दिव्यांग अथवा मानसिक रूप से दुर्बल व्यक्ति, महिला, एससी-एसटी का धर्म परिवर्तन कराया जाता है तो दोषी को आजीवन कारावास और एक लाख रुपये जुमार्ने से दंडित किया जाएगा। इसी तरह, सामूहिक धर्म परिवर्तन पर भी आजीवन कारावास और एक लाख रुपये जुमार्ने की सजा होगी।



यूपी सरकार ने सोमवार को विधानसभा में यह विधेयक पेश किया था जिसे मंगलवार को पास कर दिया गया। अब इसे विधान परिषद को भेजा जाएगा। दोनों सदनों से पारित होने के बाद राज्यपाल के पास जाएगा। फिर इसे राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। वही इस पर अंतिम फैसला लेंगी।

### यह है विधेयक का मकसद

यह संशोधन विधेयक धर्म परिवर्तन के अपराध की संवेदनशीलता और गंभीरता के मद्देनजर लाया गया है। इससे विदेशी एवं राष्ट्र विरोधी ताकतों की संगठित साजिश को रोका जा सकेगा। इसी वजह से सजा और जुमार्ने की राशि को बढ़ाने के साथ जमानत की कड़ी शर्तों के प्रावधान किए गये हैं। साथ ही नाबालिग, दिव्यांग और मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों को भी इस अपराध का शिकार होने से बचाया जा सकेगा।

# सलीम और आलोक एसी कोच में करते थे वारदात जीआरपी गाजियाबाद ने किया गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद मुरादाबाद रुट पर चलने वाली अलग-अलग स्पेशल ट्रेन के एयर कंडीशन कोच में सफर करने वाले मुसाफिरों से चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर चोरों को गाजियाबाद जीआरपी पुलिस ने पकड़ने का काम किया है। गाजियाबाद जीआरपी द्वारा सलीम और आलोक नाम के शातिर चोर को दबोचा गया है, जो रेल यात्रियों को निशाना बनाया करते थे।

जीआरपी गाजियाबाद ने उनके पास से कई लैपटॉप ,आईपैड, आईफोन और अन्य कीमती सामान जप्त किया गया है। बरामद किए गए सामान की कीमत जीआरपी गाजियाबाद द्वारा 8 लाख , 60 हजार रुपए से अधिक बताई जा रही है। फिलहाल पूछताछ के बाद दोनों चोरों को पुलिस जीआरपी ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है यह बीते कुछ दिनों में ही कई एक्सप्रेस ट्रेन में सवार मुसाफिरों को और रेलवे स्टेशन गाजियाबाद पर चेक आउट करने के दौरान निशाना बना चुके हैं। क्षेत्राधिकार जीआरपी गाजियाबाद सुदेश गुप्ता ने बताया है कि थाना प्रभारी अनुज के नेतृत्व में यह पूरी सफलता हासिल हुई है।

### 8 लाख 60 हजार का माल बरामद



### ट्रेन में करती थी रेकी, उतरने पर वारदात

करंट क्राइम । जीआरपी गाजियाबाद के प्रभारी अनुज मलिक ने बताया है कि पकड़ा गया आलोक और सलीम ट्रेन में सो रहे यात्रियों और सफर के दौरान ऐसे लोगों पर नजर रखते थे जिनके पास कीमती लैपटॉप ,आईपैड फोन और कीमती सामान होता था। जब यह लोग ट्रेन में सो जाते थे या ट्रेन से नीचे स्टेशन पर उतरते थे, तो इस दौरान यह उनके बैग और अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ करते थे ताकि किसी को कोई शक ना हो। उन्होंने जानकारी दी है कि पकड़े गए गिरोह के पास से कई लोगों का पूरा सामान बरामद हुआ है। बरामद किए गए कुल माल की कीमत 8 लाख 60 हजार रुपए से अधिक बताई जा रही है।

### 15 अगस्त तक रेलवे चलाएगा विशेष चेकिंग अभियान

करंट क्राइम । जीआरपी गाजियाबाद के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि अगस्त में कई त्यौहार हैं और ऐसे में ट्रेनों में भीड़ भाड़ बढ़ जाती है। वहीं 15 अगस्त के मद्देनजर जीआरपी गाजियाबाद अपने रूट और स्टेशन के आसपास खास 15 अगस्त को लेकर विशेष चेकिंग अभियान चलाएगा। उम्मीद है कि इसमें कई और सफलता हाथ लगेगी।

# मध्य प्रदेश का बजट पांच साल में होगा डबल, हॉर्टिकल्चर की होगी बड़ी भूमिका : सीएम मोहन यादव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव ने भोपाल में खाद्य प्रसंस्करण उत्पादकों के क्रेता-विक्रेता सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा क्रेता विक्रेताओं को लेकर क्रार्यकम का आयोजन किया गया है। मध्य प्रदेश के कई उद्यमी देश-विदेश में अपने प्रोडक्ट भेज रहे हैं। इसके लिए वो बधाई के पात्र हैं।

उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण के प्रोत्साहन के लिए हम लगातार कार्यक्रम कर रहे हैं। इससे हमारे इकोनॉमी को बढ़ावा मिलेगा। हमारी सरकार कृषि के लिए बिजली पानी के साथ सड़क, इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार काम कर रही है। मध्य प्रदेश में हॉर्टिकल्चर का बड़ा स्कोप है, इसे हम प्रमोट करेंगे। मध्यप्रदेश में पांच साल में हम बजट को डबल करने वाले हैं, उसमें हॉर्टिकल्चर की बहुत बड़ी भूमिका रहेगी।

इस सम्मेलन में मध्यप्रदेश तथा अन्य राज्यों के क्रेता, विक्रेता, निर्यातक व विशेषज्ञों सहित लगभग 250 प्रतिनिधि सहभागिता कर रहे हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस सम्मेलन में सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत 881 हितग्राहियों को 28.35 करोड़ की अनुदान राशि का वितरण किया गया। साथ ही कृषि आधारित उत्पादों का अवलोकन भी किया गया। उन्होंने कहा कि सावन का पवन महीना चल रहा और रक्षाबंधन का पर्व आने वाला है। रक्षाबंधन पर बहनों को 450 रुपए में सिलेंडर देने वाले हैं। हमारे द्वारा कोई भी योजना बंद नहीं की जाएगी। योजनाओं में सभी वर्गों का ध्यान रखा जाएगा। मैंने सभी मंत्रियों और हर विभाग के पीएस को निर्देश दिया है कि वे सभी योजनाओं की समीक्षा करें और जन कल्याण को बढ़ाने की दिशा में काम करें। आंगनबाड़ी और पोषाहार से जुड़ी बहनों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत कवर करने का फैसला किया गया है।



# कुल्लू में बादल फटने से तबाही... बह गया पुल, घरों में भरा पानी, भारी बारिश का अलर्ट

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के मणिकर्ण घाटी के तोष में बादल फटने से भारी तबाही मची है। प्रदेश में कल और परसों भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही पांच जिलों में भूस्खलन और बाढ़ की चेतावनी भी जारी हुई है। सोमवार शाम तक हिमाचल में 117 सड़कें और 215 बिजली ट्रांसफार्मर ठप रहे।

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के मणिकर्ण घाटी के तोष में रविवार देर रात बादल फट गया। बादल फटने से यहां पर भारी तबाही मची है। बाढ़ में एक पुल बह गया है। घरों में भी बाढ़ का पानी घुस गया है। देर रात बादल फटने के बाद यहां पर अफरा तफरी मच गई। लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। फिलहाल तोष का संपर्क कट गया है। पलचान के सरेही नाला का जलस्तर फिर बढ़ा, मनाली-लेह मार्ग रहा बाधित उधर, सोलंग घाटी के पलचान से सटे सरेही नाला का जलस्तर फिर बढ़ा गया है। नाले का पानी सड़क से बहने लगा। इस वजह से मनाली-लेह मार्ग यातायात के लिए फिर बंद हो गया।



हालांकि, कुछ समय बाद मार्ग बहाल कर दिया गया। वहीं पलचान गांव के ग्रामीणों अभी भी सहमे हुए हैं। कुछ दिन पहले बदल फटने की घटना से गांव के तीन मकान बह गए हैं, जबकि पांच मकानों को खतरा पैदा हो गया है। एसडीएम रमण कुमार शर्मा ने बताया कि पानी बढ़ने से मनाली-लेह मार्ग बंद हो गया था जिसे बाद में बहाल कर दिया गया। वहीं, प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मंगलवार को भी बारिश के आसार हैं। 31 जुलाई और एक अगस्त को अधिकांश क्षेत्रों में भारी बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। इस दौरान प्रदेश के पांच जिलों कुल्लू, सोलन, सिरमौर, शिमला, किन्नौर के कुछ क्षेत्रों में भूस्खलन और बाढ़ आने की चेतावनी भी जारी हुई है।

### राहत एवं बचाव कार्य के लिए निर्देश दिए : मुख्यमंत्री

वहीं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मणिकर्ण घाटी के तोष गांव में बादल फटने की घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन से संपर्क कर उन्हें राहत एवं बचाव कार्य के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। प्रदेश में तमाम जगहों पर भारी बारिश के चलते हो रही ऐसी घटनाओं पर हमारी नजर है और प्रशासन राहत कार्यों के लिए हर जरूरी कदम उठा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नागरिकों व सैलानियों से अनुरोध किया कि सावधानी बरतें और नदी-नालों के पास जाने से बचें।

### ऊना में झमाझम बरसे बादल, तहसील कार्यालय में घुसा पानी

ऊना में मंगलवार सुबह 11:00 बजे हुई झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी से बड़ी राहत दी है। एकाएक शुरू हुए बारिश के क्रम के बीच सड़कें पानी से लबालब हो गईं। वहीं गली-मोहल्लों में बच्चे और लोग बारिश का आनंद उठाते हुए नजर आए। शहरवासियों में लाला सोहन, मनप्रीत, कमल, रवि, अश्वनी ने बताया कि मंगलवार को हुई तेज बारिश की जरूरत बीते कई दिन से थी। इस बारिश के बाद ऊना में पड़ रही गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं तेज बारिश से तहसील कार्यालय में फिर पानी घुस गया। इससे पहले भी यहां मिनी सचिवालय में जलभराव का मामला आया था।

**Lost and Found**

I, Mohit Gupta, S/D/W/O Jai Parkash Gupta ,R/o E-78 sector -9 Noida up 201301, I have lost my Property Document 30/07/2024, Nehru PlaceIf any body found please send above address.

**खोया-पाया**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी प्रापर्टी प्लाट नं०- PLOT NO - ए-78 Sector-9 Noida U.P. की मूल मोटेशन लेटर दिनांक ३०/०७/२४ की कहीं खो गई है। जिसका प्रयोग अन्य के लिए अवैध होगा। इस सम्बन्ध में FIR भी की जा चुकी है।

मोहित गुप्ता s/o जय पारकेश गुप्ता

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक-433/पार्किंग/2024-25 दिनांक- 30.07.24

**पार्किंग स्थलों की ई-निविदा/खुली बोली आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विभिन्न पार्किंग स्थलों पर संचालित/अधिकृत 06 सामान्य पार्किंग स्थलों एवं कविनगर जोन, विजयनगर जोन, सिटी जोन, वसुन्धरा जोन अन्तर्गत स्थित औद्योगिक क्षेत्र में सडक पटरी किनारे खडे होने वाले माल वाहक वाहनों यथा टाटा-407, ट्रक, ट्रोला, ट्रैक्टर-ट्राली आदि वाहनों से निर्धारित शर्तों के अनुसार पार्किंग शुल्क की वसूली करने हेतु दिनांक 12.08.2024 को ई-निविदा व दिनांक 14.08.2024 को खुली बोली प्रक्रिया के माध्यम से द्वि-पद्धति आधार पर सार्वजनिक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। सामान्य पार्किंग स्थलों को संचालित करने एवं औद्योगिक क्षेत्रों में सडक पटरी किनारे खडे होने वाले माल वाहक वाहनों से पार्किंग-शुल्क वसूल करने के ठेके को संचालित करने के इच्छुक व्यक्ति अपनी निविदा ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट http://etender.up.nic.in से प्रकाशन की तिथि से दिनांक 12.08.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक डाऊनलोड कर ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर अपलोड कर सकते है, जो दिनांक 12.08.2024 को सांय 4:00 बजें ई-निविदायें पार्किंग प्रभारी के चतुर्थ तल स्थित कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। उसके पश्चात पार्किंग स्थलों हेतु खुली बोली का आयोजन दिनांक 14.08.2024 को 1.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक नवयुग मार्किट स्थित नगर निगम मुख्यालय में किया जायेगा। पार्किंग स्थलों हेतु ई-निविदा अथवा खुली बोली के माध्यम से प्राप्त अधिकतम धनराशि दोनों में से जो भी अधिकतम होगी, पर ही स्वीकृति हेतु विचार किया जायेगा। ई-निविदा एवं खुली बोली सम्बन्धी शर्तें ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध है।

पार्किंग प्रभारी,
गाजियाबाद नगर निगम

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। बुधवार 31 जुलाई-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# उपचुनाव को लेकर क्यों हो रही है विपक्ष में ये चर्चा

## वे दावेदार रहेगा फायदे में जो सपा से नहीं बल्कि कांग्रेस से भरेगा पर्चा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद सपा ने कई सीटों पर कब्जा किया है और कांग्रेस भी बेहतर प्रदर्शन के साथ आई है। अयोध्या जैसी सीट पर सपा ने जीत का परचम लहराया है।

अमेठी में कांग्रेस ने भाजपा की स्मृति ईरानी को हराया है। मेरठ जैसी सीट पर भले ही भाजपा के राम जीत गये लेकिन उन्हें संघर्ष करना पड़ गया और एक तरीके से वो हारते हारते जीत गये। गाजियाबाद में भी भाजपा का जीत का रिकार्ड कायम रहा है लेकिन यहां भाजपा को कांग्रेस ने टक्कर दी है। जो भाजपा आठ लाख से जीत का दावा कर रही थी उस भाजपा को तीन लाख से ही जीत मिली। लोकसभा चुनाव ने नतीजों के बाद सपा और कांग्रेस का पैक्ट रहेगा। ये लगभग तय माना जा रहा है और इसी के साथ गाजियाबाद की सदर विधानसभा सीट यानी शहर सीट पर ये चर्चा शुरू हो गई है कि यहां विपक्ष का वो दावेदार फायदे में रहेगा जो सपा ने नहीं बल्कि कांग्रेस से चुनाव लड़ेगा। इसकी वजह भी ये बताई जा रही है कि लोकसभा चुनाव में जो वोट बैंक बसपा से छिटका और जो भाजपा से नाराज होकर गया वो कांग्रेस के पास गया। शहरी इलाकों में आज भी वोटर वर्ग में कांग्रेस की स्वीकार्यता है। हाथी वाला वोट अब हाथ पर ट्रांसफर हो रहा है। ऐसे में उपचुनाव को लेकर ये चर्चा आम है कि यहां फायदे में वही रहेगा जो कांग्रेस के सिम्बल पर पर्चा भरेगा। इसके पीछे एक वजह यह भी बताई जाती है कि अब मुस्लिम वर्ग लामबंद होकर कांग्रेस को वोट करने के मूड में दिखाई दे रहा है। यहां पर फायदे की स्थिति ये है कि सपा और कांग्रेस हाथ मिलाकर चल रहे हैं ऐसे में ये वोट बिखरेगा नहीं।

### सपा के कई चेहरे चाहते हैं कांग्रेस से लड़ना चुनाव लेकिन सपा के साथ

करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी के कई चेहरे शहर विधानसभा उपचुनाव में दावेदारी में है। ये चेहरे चाहते हैं कि उन्हें कांग्रेस से लड़ने का मौका मिले। वो कांग्रेस के सिम्बल पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। इसकी वजह वो ये मान रहे हैं कि शहर सीट वाले क्षेत्र में कुछ बिरादरी ऐसी हैं जो साईकिल के सिम्बल पर बटन नहीं दबायेंगी लेकिन हाथ वाले बटन को दबाने में उन्हें कोई परहेज नहीं है। ऐसे में सपा के ये दावेदार चेहरे कांग्रेस से चुनाव लड़ना चाहते हैं लेकिन वो सपा भी नहीं छोड़ना चाहते। इसकी वजह लोकसभा चुनाव के नतीजे हैं जिसमें सपा मजबूत होकर आई है।

### पैक्ट वाले दलों में चला है फेस और सिम्बल का पहले भी फार्मूला

करंट क्राइम। फेस उनका सिम्बल इनका वाला फार्मुला देखें तो ये पहले भी गाजियाबाद में एप्लाई हुआ है। समाजवादी पार्टी ने ऐसा किया है। लोकसभा चुनाव में सपा ने पैक्ट में सीट अपने पास रखी और बसपा के सुरेश बंसल को बुलाकर टिकट दिया। उन्हें सपाई बनाया और फिर लोकसभा का चुनाव बसपा के साथ मिलकर लड़ाया। सपा और रालोद में जब पैक्ट हुआ तो विधानसभा चुनाव में सुरेन्द्र मुन्नी रालोद में गये और रालोद के टिकट पर चुनाव लड़े। लिहाजा इस बात की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता कि सीट कांग्रेस के खाते में आये और चुनाव लड़ने के लिए समाजवादी चेहरा कांग्रेस में आ जाये।

### क्या इस बात में है दम कांग्रेस की होगी शुरुआत 20 हजार वोट के साथ

करंट क्राइम। कल तक सियासत की बिसात पर कमजोर मानी जा रही कांग्रेस अब तेजी से लौट रही है। शहर विधानसभा की बात करें तो यहां सियासत के एक्सपर्ट भी मान रहे हैं कि कांग्रेस अगर यहां अपना मजबूत उम्मीदवार ले आती है तो वो 20 हजार प्लस वोट के साथ शुरूआत करेगी। शहरी विधानसभा के कई क्षेत्रों में वो बढ़त बनाकर चलेगी। ये भी माना जा रहा है कि लाईन पार क्षेत्र, कैला भट्ठा क्षेत्र और शहर की कई दलित बस्तियों से इस बार हाथ को सपोर्ट मिलेगी, वोट मिलेगी।

**सियासत के एक्सपर्ट भी मान रहे हैं कि कांग्रेस शहरी विधानसभा के कई क्षेत्रों में बढ़त बनाकर चलेगी**

# लोकसभा चुनावों के नतीजों को लेकर जारी है पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी का मंथन

## राजनीतिक विश्लेषण से ज्यादा वो मानते हैं भाजपा को है आत्मचितन की जरूरत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी अक्सर कई बात सियासी मुद्दों पर अपनी निष्पक्ष राय कड़े शब्दों में रखते हैं। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने सियासत का एक पूरा युग देखा है। उन्होंने संगठन से लेकर सरकार तक भाजपा देखी है। सत्ता से लेकर विपक्ष तक सियासत के दौर देखे हैं। सरलता और सहजता के साथ सियासत के हर पहलू को जिया है। लोकसभा चुनावों के बाद भाजपा की हार को लेकर अलग अलग राय आ रही है। भाजपा भले ही सरकार बनाने में कामयाब हो गई है लेकिन उत्तर प्रदेश में उसे झटका लगा है। हाल ही में राजनीतिक विश्लेषक के लेख आये और उनमें से एक ने अपने लेख में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की रिपोर्ट के निष्कर्षों को नकारा। बालेश्वर त्यागी ने इस लेख को लेकर अपना लेख लिखा और उन्होंने अलग अलग बातों को लेकर अपने लेखन के जरिए ये बताया कि भाजपा को इस समय आत्म चिंतन की जरूरत है।

### विपक्ष अपना नैरेटिव खड़ा करने में सफल हुआ और पूरा संगठन कागजी साबित हुआ

**करंट क्राइम।** सत्ता की मलाई खाने के लिए सत्ता से जुड़े लोग भी निराश थे । विपक्ष के आरोपों का प्रतिवाद न करके मौन सहमति की मुद्रा में रहते थे। इसलिए विपक्ष अपना नैरेटिव खड़ा करने में सफल हो गया और पूरा संगठन कागजी साबित हुआ। मुझे याद है जब कम्प्यूटर के प्रयोगों से राजनीति में लाभ की चर्चा होती थी तो उस समय हमारे एक वरिष्ठ नेता कहते थे कि कम्प्यूटर व्यक्ति का विकल्प नहीं हो सकता। उसमें मानवीय संवेदनाओं का अभाव होता है ।इसी तरह ऑन लाइन व्यवस्था व्यक्तियों और संगठन को ऑफ लाइन कर देती है। जो ऑन लाइन होकर संगठन को विश्वविजेता होने का भ्रम पाले थे ,वे समझ ही नहीं पाए कि कब उनका सारा ढांचा ऑफ लाइन हो गया ।नई व्यवस्थाओं ने आदमी को नकली बना दिया है। नकली आदमी या तो पत्थर का होगा या मोम का होगा या लकड़ी का होगा ,वह हाड़ माँस का पुतला नहीं हो सकता है ।उसमें कोई विज्ञान प्राण नहीं फूंक सकता है। इतिहास गवाह है जिन देशों ने नकली सैनिकों के बल पर युद्ध जीतने के प्रयास किये, वे असफल ही हुए हैं।

### भाजपा का प्रदेश नेतृत्व आत्ममुग्ध है जन नेताओं से ज्यादा मैनेजरों को आगे बढ़ाया गया

**करंट क्राइम।** भाजपा का प्रदेश नेतृत्व आत्ममुग्ध है। अपनी अदूरदर्शिता ,अयोग्यता और अपनी कार्यकर्ताओं में स्वीकार्यता न बना पाने के कारण केवल ऑन लाइन औपचारिक संगठन बन गया ।दस वर्षों की सरकार की उपलब्धियों और मोदी जी की लोकप्रियता के पीछे अपनी सारी अक्षमताओं को छुपाकर किसी चमत्कार के भरोसे था। प्रदेश नेतृत्व को मोदी जी के चमत्कारिक व्यक्तित्व और अमित शाह जी में हर शह को मात में बदलने की क्षमताओं के भरोसे एक भ्रम जाल बन रखा था। सगठन में जो कमियां हैं, न तो उनका कभी निराकरण करने के प्रयास हुए और न नए कार्यकर्ता को हवा बाजी से हटाकर वास्तविक कार्यों से जोड़ा गया और न भाजपा में बढ़ती भीड़ से धकियाये गए टेस्टिड कार्यकताओं को पुन: मुख्य धारा के साथ जोड़ने के प्रयास हुए। जब नेतृत्व सक्षम नहीं होता तो वह सदैव अस्थिर होने के भय से डरा रहता है और इसलिए कभी समर्थ लोगों को जोड़ने का प्रयास नहीं करता। वैसे भी भाजपा जन नेताओ से ज्यादा मैनेजरों को आगे बढ़ाती है।

# लोहा व्यापारी गौरव मिगलानी को किसने दी पिस्तौल दिखाकर धमकी

## लोहा व्यापारी पहुंचे एकजुट होकर थाना कविनगर और पुलिस ने कहा होगी कार्यवाही



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोहा मंडी में जब एक व्यापारी को धमकी दी गई और मारपीट करने की कोशिश की गई तो लोहामंडी के सभी व्यापारी एक हो गये। मामला पुलिस तक पहुंचा और उसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। बताते हैं कि लोहा मंडी में गौरव मिगलानी की बजरंग स्टील कार्पोरेशन के नाम से फर्म है। वह अपने प्रतिष्ठान पर बैठे थे तभी जयप्रकाश और उनके कुछ साथी गौरव मिगलानी की फर्म में आ गये। यहां पर गाली गलौच करते हुए पिस्तौल दिखाकर गौरव मिगलानी को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद इस घटना की सूचना मिलते ही लोहा मंडी के व्यापारी एकत्र हो गये। बड़ी संख्या में लोहा व्यापारी इकट्ठे होकर थाना कविनगर पहुंचे। यहां पीड़ित व्यापारी ने तहरीर दी और कविनगर पुलिस ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि निश्चित रूप से कार्यवाही होगी। पुलिस के आश्वासन के बाद सभी व्यापारी संतुष्ठ हुए। व्यापारियों को विश्वास है कि उन्हें शीघ्र ही न्याय मिलेगा।

### लोहा मंडी में है ये पहली घटना जब बाहरी तत्व ने दी है धमकी



**करंट क्राइम।** लोहा मंडी में जो घटनाक्रम हुआ वो पहली बार बताया जाता है। गौरव मिगलानी की बजरंग स्टील कार्पोरेशन के नाम से फर्म है। वह अपने प्रतिष्ठान पर मौजूद थे इसी बीच कविनगर इंड्रस्ट्रियल एरिया में ममता इंजीनियरिंग के मालिक जयप्रकाश आये और उन्होंने गौरव मिगलानी के प्रतिष्ठान में घुसकर गाली गलौच शुरू कर दी। आरोप है कि उन्हें पिस्तौल भी दिखाई और धमकी भी दी। लोहा व्यापारियों का रोष इस बात को लेकर था कि लोहा मंडी में यह पहली घटना है कि बाहर से किसी ने आकर प्रतिष्ठान में घुसकर अपने साथियों के साथ किसी भी व्यापारी को धमकाने और मारने का प्रयास किया है। इस बात से लोहा मंडी के व्यापारियों में रोष है। उनका कहना है कि अगर इस तरीके की घटनाएं हुईं तो लोहा मंडी में व्यापारियों का कारोबार करना ही दुष्वार हो जायेगा।

# राजनीति से खत्म हो गई जनसभा के जरिए ताकत दिखाने की परम्परा

## पहले सम्मेलन और सभा से होता था नेताओं का सियासी वजूद साबित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में लीडर के रूप में वही चेहरे कंसीडर होते हैं जिनके साथ एक भीड़ होती है। सियासत में प्राउड ही वही फील कर सकता है जो अपने साथ एक क्राउड लिये हुए है। राजनीति की परिभाषा ही यही है कि आप जन नेता तभी कहलायेंगे जब आपके साथ एक बड़ा जनसमुदाय होगा। राजनीति में एक दौर ये रहा है कि नेता अपनी ताकत दिखाने के लिए जनसभा का आयोजन करते थे। इस जनसभा में वो भीड़ जुटाते थे और शीर्ष नेतृत्व को ये दिखाते थे कि हमारे साथ हमारे समाज की हमारे समर्थकों की कितनी भीड़ है। लेकिन अब राजनीति से ये परम्परा तेजी से खत्म हो रही है।

अब नेता कोई जनसभा नहीं करते। अब नए दौर की सियासत में कई बार रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट सीधे आते हैं, चुनाव लड़ते हैं और मंत्री बन जाते हैं। अब राजनीति में जनसभा वाली परम्परा तेजी से खत्म हो रही है। एक दौर था जब अपने दम पर जनसभा कराकर ताकत का संदेश दिया जाता था। हर दल के नेता जनसभा कराते थे और संदेश देते थे।

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने भी जनसभा से कराया है वजूद का एहसास



करंट क्राइम। सुनील शर्मा तीसरी बार विधायक हैं। वो देश की सबसे बड़ी विधानसभा से सबसे बड़ी जीत के साथ विधायक हैं। वो सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं और सुनील शर्मा ने भी अपने विधानसभा क्षेत्र साहिबाबाद में जनसभा कराकर अपने वजूद का एहसास कराया है। वो उन नेताओं में है जिन्होंने जनसभा और सम्मेलन से अपने समर्थकों की तादात से अपने वजूद का एहसास कराया है।

### विधायक अजीत पाल त्यागी ने भी जनसभा से ताकत दिखाकर की थी शुरूआत



**करंट क्राइम।** अजीत पाल त्यागी का अपना सियासी शिजरा है। उनके पिता राजपाल त्यागी अलग अलग सरकारों में कैबिनेट मंत्री रहे हैं। निर्दलीय विधायक का चुनाव जीते हैं। सियासत की इसी नर्सरी से अजीत पाल त्यागी निकले हैं। अजीत पाल त्यागी को सियासत का अनुभव है और जन राजनीति के वो सारे गुण जानते हैं। उनके क्षेत्र में लोग उन्हें जानते हैं और वो कई हजार लोगों को नाम और चेहरों से जानते हैं। विधायक बनने से पहले अजीत पाल त्यागी ने भी अपने क्षेत्रमें जनसभा कराकर अपनी ताकत का एहसास कराया था और उसके बाद उन्होंने विधानसभा वाली पारी खेली थी।

### राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप का महाकुंभ रहा है ताकत का प्रतीक



करंट क्राइम। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप अब सरकार में हैं और वो बड़े सम्मेलन नहीं करते हैं। लेकिन इतिहास गवाह है कि वो हर वर्ष महर्षि कश्यप जयंती पर एक बड़ा समारोह करते रहे हैं। ये समारोह उनकी ताकत का मुलाहिजा माना जाता है। जब वो भाजपा में आये तब भी उन्होंने एक बड़ा सम्मेलन किया और इस बड़े सम्मेलन से एक बड़ी जनसभा से उन्होंने भाजपा के बड़े नेताओं को ये दिखाया कि अपनी बिरादरी के लोगों की एक बड़ी भीड़ वो अपने साथ लिए हुए हैं।

### विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने भी किया है जनसभा से ताकत का मुलाहिजा



**करंट क्राइम।** लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर लगातार दूसरी बार विधायक हैं। वो ऐसे क्षेत्र से आते हैं जहां राजनीति का एक अलग ट्रेंड है यहां जन नेता हैं तो आपको जन की ताकत दिखानी होती है। विधायक नन्द किशोर गुर्जर भी इससे अलग नहीं रहे हैं और उन्हेंाने भी जन सभा कर अपनी ताकत का एहसास कराया है।

### मनोज धामा-अमरपाल शर्मा-सुरेन्द्र मुन्नी कर चुके हैं बड़ी जनसभाएं







**करंट क्राइम।** केवल भाजपा ही नहीं बल्कि विपक्ष के नेताओं ने भी अपनी ताकत का एहसास जनसभाओं से कराया है। लोनी नगर पालिका चेयरमैन पति मनोज धामा ने भी लोनी में एक बड़ी जनसभा की थी और इस जनसभा से उन्होंने अपनी ताकत का एहसास कराया। उन्होंने भाजपा छोड़ी और रालोद में जाकर अपनी ताकत का मुलाहिजा किया। वो पहले भी कई सम्मेलन कर चुके हैं। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा भी जन सभाओं और सम्मेलनों के जरिए सियासत की पिच पर अपनी ताकत दिखा चुके हैं। पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी भी सम्मेलन के जरिए अपनी सियासी पॉवर को दिखा चुके हैं। ये राजनीति का एक पुराना स्वरूप रहा है। आज भले ही नेता बिना जनसभा के ही चुनाव भी लड़ते हैं और जीत भी जाते हैं। लेकिन कभी शक्ति और ताकत का मुलाहिजा ही जनसभाओं से होता रहा है।

### भाजपा नेता मयंक गोयल ने जनसभाओं से साबित की है अपनी टीआरपी



करंट क्राइम। मयंक गोयल भाजपा के क्षेत्रीय पदाधिकारी हैं। मयंक गोयल ने हमेशा खुद को भाजपा कार्यकर्ता के रूप में रख कर काम किया है। जन राजनीति की बात करें तो मयंक गोयल भी उन नेताओं में हैं जिन्होंने जनसभाओं से अपनी सियासी टीआरपी को साबित किया है। उन्होंने कई मौकों पर बड़ी जनसभाएं और सम्मेलन आयोजित कराये हैं। वो जानते हैं कि जनता के बीच में जन राजनीति के कौन से मुद्दों को लेकर आना है। वो भीड़ मैनेजमेंट का सिस्टम जानते हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि अगर बात सियासी ताकत की है तो मयंक गोयल यहां अपनी ताकत जनसभाओं से साबित कर चुके हैं।

## संपादकीय

# पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रदर्शन

पेरिस में चल रहे ओलंपिक खेलों का अभी शुरूआती दौर है और पदक तालिका में देशों और खिलाड़ियों के नाम दर्ज होने शुरू हुए हैं। भारत के नाम भी एक पदक दर्ज हुआ है। इससे आगे के सफर के लिए उम्मीद जगती है। रविवार को भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने दस मीटर एअर पिस्टल निशानेबाजी के महिला वर्ग में प्रतिभागी देशों के खिलाड़ियों को अच्छी चुनौती दी और उन्हें 221.7 अंक हासिल हुए। अंतिम दौर में वे तीसरे स्थान पर रहीं। उन्हें इस वर्ग की प्रतियोगिता में कांस्य पदक मिला और इसी के साथ पेरिस ओलंपिक में भारत के नाम पहला पदक दर्ज हुआ।

इंडियन प्लेयरों से पदल लाने की उम्मीदें बढ़ीं अभी भारत को अन्य कई खेलों में हिस्सा लेना है और उसमें विश्व स्तर के खिलाड़ियों की क्षमताओं की चुनौतियों का सामना करना है। मगर पिछले कुछ वर्षों में हुई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के दौरान कुछ खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन से जैसे उत्साहजनक संकेत मिले हैं, उससे पेरिस ओलंपिक में भी उनसे पदक लाने की उम्मीद है।

निशानेबाजी में मनु भाकर को मिले कांस्य पदक के साथ ही इस खेल में पदक मिलने का भारत का पिछले बारह वर्ष का इंतजार खत्म हुआ। दरअसल, इस उपलब्धि के साथ ही पहली निशानेबाज बन कर मनु भाकर ने एक इतिहास रच दिया है। हालांकि इससे पहले तोक्यो ओलंपिक में उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा था और इसके लिए उन्हें कुछ आलोचनाएं भी झेलनी पड़ीं, लेकिन प्रसिद्ध कवयित्री और मानवाधिकार कार्यकर्ता माया एंजेलो की कविता ह्यस्टिल आइ राइज यानी अभी मुझे आगे बढ़ना है से प्रेरणा लेने वाली मनु भाकर फिर से उठ खड़ी हुईं और अब वे ओलंपिक में पदक विजेता हैं। अब देखना है कि निशानेबाजी में भारत के अन्य खिलाड़ी और क्या हासिल कर पाते हैं। मनु भाकर को मिले कांस्य की अहमियत पदक तालिका में कुल नतीजों से अलग इस रूप में है कि किसी भी खेल प्रतियोगिता में शुरूआती जीत या हावी होने की स्थितियां बाकी खेलों के प्रदर्शन में भी दम भरती हैं। इस लिहाज से देखें तो पिछले ओलंपिक की पदक तालिका में संतोषजनक जगह बना सकने वाली भारतीय खिलाड़ियों की टीम के लिए मनु भाकर की उपलब्धि उत्साह बढ़ाने वाली साबित हो सकती है।

# सीआईआई सम्मेलन में बोले पीएम मोदी तीसरे टर्म में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की तरफ से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे याद है, महामारी के समय आप और हम चर्चा कर रहे थे और चर्चा का विषय रहता था- गेटिंग थ्रो बैक। तब मैंने आपसे कहा था कि भारत बहुत ही जल्द विकास के पथ पर दौड़ेगा। आज भारत 8 प्रतिशत की रफ्तार से ग्रो कर रहा है। आज हम सभी चर्चा कर रहे हैं- जर्नी टुवड्र्स विकसित भारत। आज भारत, दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी आर्थिक ताकत है और वो दिन दूर नहीं जब भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। मैं जिस बिरादरी से आता हूं, उस बिरादरी की पहचान बन गई है कि चुनाव से पहले जो बातें करते हैं, वो चुनाव के बाद भुला देते हैं, लेकिन मैं उस बिरादरी में अपवाद हूं। इसलिए मैं आपको याद दिलाता हूं कि मैंने कहा था कि मेरे तीसरे टर्म में देश, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। भारत बहुत सधे हुए कदमों से लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि साल 2014 में हमारी सरकार बनी तो सबसे बड़ा प्रश्न यही था कि अर्थव्यवस्था को पटरी पर कैसे लाएं। 2014 के पहले फ्रैजाइल 5 वाली स्थिति और लाखों-करोड़ों के घोटाले के बारे में हर किसी को पता है कि हमारी अर्थव्यवस्था की क्या स्थिति थी। इसकी बारीकियां सरकार ने व्हाइट पेपर जारी कर देश के सामने रख दिया। मैं अपेक्षा करता हूं कि आप जैसे लोग और संगठन उस पर जरूर अध्ययन करें। भारत और भारत की इंडस्ट्रीज को उस महासंकट से निकालकर हम इस ऊंचाई पर लाए हैं।

पीएम मोदी ने कहा, 2004 में यूपीए सरकार की शुरूआत हुई और यूपीए सरकार के पहले बजट में कैपिटल एक्सपेंडीचर करीब 90 हजार करोड़ रुपए था। 10 साल सरकार चलाने के बाद यानी 2014 में यूपीए सरकार कैपिटल एक्सपेंडीचर का बजट 2 लाख करोड़ रुपये पहुंचा पाई थी। आज कैपिटल एक्सपेंडीचर का बजट 11 लाख करोड़ रुपये ये भी ज्यादा है। सीआईआई सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने बताया कि 2014 में, 1 करोड़ रुपये कमाने वाली एमएसएमई को प्रिजम्प्टिव टैक्स देना होता था और अब 3 करोड़ कमाने वाली एमएसएमई भी इसका लाभ उठा सकती है। 2014 में, 50 करोड़ कमाने वाली एमएसएमई को 30 प्रतिशत कॉरपोरेट टैक्स देना होता था, आज ये रेट 22 प्रतिशत है। 2014 में, कंपनियां 30 प्रतिशत निगम कर देती थीं, आज 400 करोड़ रुपये तक की आय वाली कंपनियों के लिए ये रेट 25 प्रतिशत है।

## शेयर बाजार सपाट खुला, एफएमसीजी और रियल्टी शेयरों में खरीदारी

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में सपाट खुला। बाजार के बड़े सूचकांकों में सपाट कारोबार हो रहा है। सेंसेक्स 9 अंक की मामूली गिरावट के साथ 81,347 और निफ्टी एक अंक की गिरावट के 24, 835 पर है। बाजार में रुझान सकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,488 शेयर हरे निशान में और 538 शेयर लाल निशान में बने हुए हैं। एफएमसीजी, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी और कमोडिटी इंडेक्स में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। हालांकि, आईटी, फार्मा, फिन सर्विस और फार्मा इंडेक्स में गिरावट है। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में तेजी बनी हुई है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 175 अंक या 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 58,537 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 112 अंक या 0.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,155 पर है। सेंसेक्स पैक में एनटीपीसी, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, एचयूएल, टाटा मोटर्स और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स हैं। अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, सनफार्मा, एमएंडएम और टाटा स्टील टॉप लूजर्स हैं। बाजार के जानकारों का कहना है कि शेयर मार्केट में लगातार आ रहे नए इनफ्लो और रिटेल निवेशकों के बढ़ते रुझान के कारण बाजार लचीला बना हुआ है। हालांकि, महंगे वैल्यूएशन अभी भी चिंता का विषय हैं। सकारात्मक तथ्य यह है कि अच्छी क्वालिटी वाले स्टॉक में तेजी देखने को मिल रही है। बाजार की नजर ब्याज दरों को लेकर 31 जुलाई को होने वाली फेड की बैठक पर है, जिससे बाजार की दिशा तय होगी।



## 2030 तक भारत में क्लीन मोबिलिटी इकोसिस्टम 250 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा

**नई दिल्ली।** सरकार पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ परिवहन को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है। देश में क्लीन मोबिलिटी इकोसिस्टम वित्त वर्ष 2030 तक 250 अरब डॉलर का हो जाएगा, जो 38 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक दर (सीएजीआर) से बढ़ेगा। प्रैक्सिस ग्लोबल अलायंस की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2030 तक भारत में कुल परिवहन बाजार 1.2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जिसमें स्वच्छ और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी परिवहन कुल बाजार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा होगा। प्रैक्सिस ग्लोबल अलायंस के मोबिलिटी, ऊर्जा और परिवहन के प्रबंध पार्टनर आर्यमन टंडन ने कहा, अपने परिवहन क्षेत्र को विद्युतीकृत करने की दिशा में भारत की यात्रा न केवल एक स्थायी भविष्य की ओर एक छलांग है, बल्कि एक महत्वपूर्ण आर्थिक अवसर भी है। भारत में ईवी-टू-चार्जिंग स्टेशन अनुपात 9:1 है। ग्लोबल स्तर पर स्वीकृत मानक अनुपात 4:1 तक पहुंचने के लिए, सरकार ने कई पहल की है, जिनमें एफएएमई 2 में महत्वपूर्ण आवंटन (120 मिलियन डॉलर से अधिक) और ईवी चार्जर्स पर जीएसटी दरों में कमी शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, रभू-राजनीतिक बदलावों और विनिर्माण लागत में उतार-चढ़ाव के कारण विश्व ईवी बाजार के सामने आने वाली चुनौतियों के बावजूद, भारत इन मुश्किलों का सामना करते हुए भी मजबूती से खड़ा है। देश की रणनीतिक स्थिति, अनुकूल घरेलू परिस्थितियों और मजबूत नीति ढांचे के साथ, स्वच्छ गतिशीलता (क्लीन मोबिलिटी) को अपनाने के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाता है। अध्ययन के निष्कर्षों के मुताबिक, एकीकृत स्वच्छ गतिशीलता पारिस्थितिकी तंत्र (इंटीग्रेटेड क्लीन मोबिलिटी इकोसिस्टम) विकसित करने पर भारत का जोर न केवल इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा देता है, बल्कि चार्जिंग बुनियादी ढांचे, बैटरी प्रौद्योगिकी और स्थायी सप्लाई चेन जैसे समर्थन उद्योगों में इनोवेशन को भी बढ़ावा देता है।



## उत्तर प्रदेश सरकार ने 12 हजार 909 करोड़ 93 लाख का अनुपूरक बजट किया पेश



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल सत्र के दूसरे दिन योगी सरकार ने विधानसभा में 12 हजार 909 करोड़ 93 लाख का अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें मुख्य रूप से औद्योगिक विकास, परिवहन, ऊर्जा और गंगा एक्सप्रेसवे के लिए धनराशि का इंतजाम किया गया है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने मंगलवार को विधानसभा में 12 हजार 909 करोड़ 93 लाख का अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें से ऊर्जा के लिए 2,000 करोड़, परिवहन के लिए 1,000 करोड़, अमृत योजना के लिए 600 करोड़ है। राज्य सरकार इसमें से विकास कार्यों के लिए 7,981.98 करोड़ रुपये खर्च करेगी, जबकि राजस्व मद में 4,227.94 करोड़ रुपये खर्च करेगी और यह इस साल फरवरी में पेश किए गए 7.36 लाख करोड़ रुपये के मूल बजट का 1.66 प्रतिशत है। सुरेश खन्ना ने सदन में प्रश्न प्रहर खत्म होते ही अनुपूरक बजट पेश किया। इस दौरान नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। सुरेश खन्ना ने कहा कि राज्य सरकार 2,000 करोड़ रुपये ऊर्जा क्षेत्र के लिए खर्च करेगी। वहीं, परिवहन विभाग को 1,000 करोड़ रुपये ज्यादा की धनराशि दी गई है, जो बसों की खरीद पर खर्च होगी। इसके अलावा कौशल विकास के लिए 200 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि ओपन जिम के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही अनुपूरक बजट में माध्यमिक शिक्षा विभाग के तहत 284 राजकीय इंटर कॉलेज में लैब की स्थापना के लिए 28.40 करोड़ रुपए तथा 1,040 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी लैब की स्थापना के लिए 66.82 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

## राशिफल

**मेष:** भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल होंगे। ऐश्वर्य के साधन जुटेंगे। उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**वृष:** किसी सामाजिक उत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। सम्माननीय व्यक्तियों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**मिथुन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें। पुराना रोग उभर सकता है। घर-परिवार में मतभेद बढ़ सकते हैं। सामंजस्य बैठाएं।

**कर्क:** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मेहनत सफल रहेगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**सिंह:** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शत्रु शांत रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। निवेश शुभ रहेगा।

**कन्या:** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**तुला:** लिया हुआ कर्ज समय पर लौटा पाएंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। आय में बढ़ोतरी होगी।

**वृश्चिक:** रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु:** कार्यप्रणाली में सुधार होगा। आर्थिक नीति में परिवर्तन संभव है। तत्काल लाभ नहीं होगा। राजकीय बाधा दूर होगी। लाभ की स्थिति बनेगी। पूछ-परख रहेगी।

**मकर:** पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक कार्य का लाभ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। शत्रु परास्त होंगे। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। जल्दबाजी न करें।

**कुंभ:** चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। नए काम मे जल्दबाजी न करें। घर-बाहर तनाव रह सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**मीन:** कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में अधिकार वृद्धि हो सकती है। प्रमाद न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

## चुटकुले

टीचर- इतने दिन कहां थे, स्कूल क्यों नहीं आए?
गोलू- बर्ड फ्लू हो गया था मैम।
टीचर- पर ये तो पक्षियों को होता है इंसानों को नहीं।
गोलू- इंसान समझा ही कहां आपने...रोज तो मुर्गा बना देती हो..!!

---

दो लड़कियां बस में सीट के लिए लड़ रही थीं
कंडक्टर- अरे क्यों लड़ रही हो,
जो उम्र में सबसे बड़ी है वो बैठ जाए
फिर क्या, पूरे रास्ते दोनों खड़ी ही रहीं

---

लडका : मैं उस लडकी से शादी करुंगा,
जो मेहनती हो,
सादगी से रहती हो,
घर को संवारकर रखती हो,
आज्ञाकारी हो।
प्रेमिका : मेरे घर आ जाना,
ये सारे गुण मेरी नौकरानी में है

## रोचक तथ्यों का करंट

- जब आप खुश होते हैं आप गाने की धुन का आनंद उठाते हैं और अगर आप दुखी होते हैं तो आप गीत के शब्दों को समझते हैं।
- नाखून को शुरूआती हिस्से से आखिरी हिस्से तक बढने में पूरे 6 महीने लगते हैं।
- अगर आप कम सोते हैं तो आपके वजन बढने की संभावना बढ जाती है।
- अगर आप गूगल में 'Tilt' शब्द खोजेंगे तो पेज खुद थोडा झुका हुआ रहेगा।
- टूथपेस्ट को कपडों पर लगाकर सूखने तक छोडने के बाद धो देने से दाग निकल जाते हैं।
- अरुण (नेप्च्यून) और वरुण (यूरेनस) ग्रहों के अलग वातावरण के कारण वहां हीरों की बरसात होती है।
- सोने जाने के पहले बिस्तर पर 93 प्रतिशत लोग अपने सोने के लिए मिलने वाले घंटे गिनते हैं।
- हंसने से 50 प्रतिशत तक मानसिक दवाब कम होता है।
- गर्म तरल पेय पीने से दूसरों पर भरोसा बढ़ता है।
- आपके दोस्त आपकी जरूरत हैं। उनके साथ होने से होने से आपके शरीर की क्षमता 75 प्रतिशत तक बढ जाती है।
- जो लोग दूसरों की मदद करने में खुशी महसूस करते हैं उनकी उम्र लंबी होती है और उन्हें कम मानसिक दबाव होता है।
- अगर आपको कोई फैसला लेने में कठिनाई आ रही है एक सिक्का हवा में उछालिए। इसके नतीजे पर आपको फैसला नहीं लेना है बल्कि जब सिक्का हवा में ही होगा आप को समझ आ जाएगा आप असलियत में क्या चाहते हैं।




दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने मनु-सरबजोत को पदक जीतने पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निशानेबाज मनु भाकर और सरबजोत सिंह को पेरिस ओलंपिक खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है।

### मनु-सरबजोत ने कोरियाई जोड़ी को हराया

भाकर और सरबजोत की भारतीय जोड़ी ने कोरिया के ली वोन्हो और ओ ये जिन को 16-10 से हराकर देश को इस ओलंपिक में दूसरा पदक दिलाया। भाकर स्वतंत्रता के बाद एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य जीता था।

### मनु-सरबजोत की उपलब्धि पर खुश हुए बिंद्रा

ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने कहा, मनु और सरबजोत, आपने वो किया है जो इससे पहले किसी भारतीय निशानेबाजी जोड़ी ने नहीं किया था। भारत का निशानेबाजी में पहला टीम पदक। इस पल का आनंद लें, आपने इसे अर्जित किया है।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, ह्यमनु भाकर और सरबजोत सिंह को भारत के लिए 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के लिए बहुत-बहुत बधाई। आपके शानदार टीमवर्क ने देश को गौरवान्वित किया है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की सदस्य नीता अंबानी ने कहा, मनु को एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने के लिए विशेष बधाई। पूरा देश अब उनकी हैट्रिक के लिए उम्मीद लगाए है। हम अपने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हैं। गो इंडिया गो। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने लिखा, मनु भाकर और सरजबजोत सिंह आप दोनों ने आज 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक मैच में शानदार प्रदर्शन किया। पूरे स्पर्धा के दौरान आपकी दृढ़ता अविश्वसनीय थी। इस पल को संजो कर रखें। यह हमारे देश के लिए गर्व की बात है।



### राष्ट्रपति ने इतिहास रचने पर मनु को सराहा

राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर लिखा, शूटिंग की मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत के लिए कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई! मनु भाकर ने एक ही ओलंपिक खेलों में दो पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज बनकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने हमें बेहद गौरवान्वित किया है। मैं उन्हें और सरबजोत सिंह को भविष्य में और अधिक उपलब्धि हासिल करने की शुभकामनाएं देती हूं।



### मोदी ने टीमवर्क की सराहना की

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, हमारे निशानेबाजों ने हमें गौरवान्वित करना जारी रखा है। ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई। दोनों ने शानदार कौशल और टीम वर्क दिखाया है। भारत बेहद खुश है।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड को 2-0 से हराया, हरमनप्रीत सिंह ने दागे दो गोल



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक खेलों के पूल बी मुकाबले में आयरलैंड को 2-0 से हराया। भारत ने इस तरह पेरिस खेलों में अजेय अभियान जारी रखा है। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल दागे और टीम को बढ़त दिलाई जो अंत तक बरकरार रही। हरमनप्रीत ने सबसे पहले 11वें मिनट में पेनाल्टी स्ट्रोक पर गोल किया। फिर दूसरे क्वार्टर में 19वें मिनट में मैदानी गोल दागकर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। भारत ने इससे पहले न्यूजीलैंड को हराया था, जबकि रियो ओलंपिक चैंपियन अर्जेंटीना के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला था। भारत ने तीसरा क्वार्टर समाप्त होने के बाद आयरलैंड पर 2-0 की बढ़त बनाए रखी है। अब अंतिम 15 मिनट का खेल शेष है। भारत की नजरें जहां इस बढ़त को बनाए रखने की होगी, जबकि आयरलैंड की टीम वापसी करना चाहेगी।

भारतीय टीम ने दूसरा क्वार्टर समाप्त होने के बाद आयरलैंड पर 2-0 की बढ़त बनाए हुई है। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दोनों गोल किए। उन्होंने पहले क्वार्टर में पेनाल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला, जबकि दूसरे क्वार्टर में मैदानी गोल के जरिए भारत की बढ़त दोगुना कर दी।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए मैदानी गोल के जरिए गोल दागा। भारत ने इस तरह दूसरे क्वार्टर में अपनी बढ़त 2-0 कर दी है। हरमनप्रीत ने 19वें मिनट में गोल कर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया है।

पहला क्वार्टर खत्म होने के बाद भारतीय हॉकी टीम ने आयरलैंड के खिलाफ बढ़त बना ली है। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पहले क्वार्टर में पेनाल्टी स्ट्रोक पर गोल दाग टीम को 1-0 से आगे कर दिया था।

हरमनप्रीत सिंह ने पहले ही क्वार्टर में गोल कर भारत को आयरलैंड के खिलाफ शुरूआत बढ़त दिला दी है। हरमनप्रीत ने पेनाल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलने में कोई भूल नहीं की। कप्तान के इस प्रयास से भारतीय टीम ने 1-0 की बढ़त बना ली है। भारत और आयरलैंड के बीच पेरिस ओलंपिक में पूल बी का मुकाबला शुरू हो चुका है। दोनों टीमों के खिलाड़ी मैदान पर उतर चुके हैं।

भारतीय टीम फिलहाल पूल बी में एक जीत और एक ड्रॉ के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि आयरलैंड इस ग्रुप में सबसे नीचे चल रही है।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम का सामना अब से थोड़ी देर में आयरलैंड से होगा। भारतीय टीम ने पेरिस ओलंपिक में अब तक बेहतर प्रदर्शन किया है। उसने न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम समय में जीत दर्ज की थी और अर्जेंटीना के खिलाफ भी आखिरी मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर के दम पर बराबरी हासिल करने में सफल रही थी।

# कांस्य जीतने के बाद मनु-सरबजोत की पहली प्रतिक्रिया
## बोले- दबाव था, लेकिन फैंस ने हौसला बढ़ाया

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने स्वतंत्रता के बाद एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग में दक्षिण कोरिया को हराकर कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने कोरिया के ली वोन्हो और ओ ये जिन को 16-10 से हराकर देश को इस ओलंपिक में दूसरा पदक दिलाया। इससे पहले मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य जीता था। टोक्यो ओलंपिक में मनु पिस्टल में खराबी आने के कारण फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी थीं, लेकिन यहां दो पदक जीतकर उन्होंने हर जख्म पर मरहम लगा दिया।

ब्रिटिश मूल के भारतीय खिलाड़ी नॉर्मन प्रिचर्ड ने 1900 ओलंपिक में 200 मीटर स्प्रिंट और 200 मीटर हर्डल में रजत पदक जीते थे, लेकिन वह उपलब्धि आजादी से पहले की थी। मनु को अभी 25 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भी उतरना है और वह इस ओलंपिक में पदकों की हैट्रिक भी लगा सकती हैं। सरबजोत 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत वर्ग में क्वालीफिकेशन में 577 के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर रहे थे और फाइनल में जगह नहीं बना सके थे।



मनु ने जीत के बाद कहा, 'मैं बहुत ही गर्व महसूस कर रही हूं। सभी को शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। हम हर चीज को नियंत्रित नहीं कर सकते। हम बस अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश कर सकते हैं। यहां आने से पहले, मैंने और सरबजोत ने एक-दूसरे से कहा था हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे और चाहे जो भी हो, हम इसे स्वीकार करेंगे और आखिरी शॉट तक लड़ते रहेंगे।'

टोक्यो में मनु और सौरभ चौधरी इस स्पर्धा के फाइनल में क्वालिफाई नहीं कर सके थे और सातवें स्थान पर रहे थे। अंबाला के निशानेबाज सरबजोत पर व्यक्तिगत वर्ग में नाकाम रहने के बाद अच्छे प्रदर्शन का काफी दबाव था। सरबजोत सिंह ने खुशी व्यक्त की और आयोजन स्थल पर समर्थन के लिए भारतीय प्रशंसकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा- मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। खेल बहुत कठिन था और बहुत दबाव था, लेकिन भारतीय दर्शकों का समर्थन बहुत अधिक था। मैं बता नहीं सकता कि मैं कितना अच्छा महसूस कर रहा हूं।

मनु अब दो अगस्त को 25 मीटर महिला पिस्टल क्वालिफिकेशन के लिय उतरेंगी। उन्होंने 2023 विश्व चैंपियनशिप और 2022 हांगझोउ एशियाई खेलों में इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।

# उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल लीग का आगाज, छह टीमों के बीच खेला जा रहा यह दिलचस्प टूर्नामेंट



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल एसोशिएशन के द्वारा 27 जुलाई से तीन अगस्त तक उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल लीग का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी मेजबानी नेहरु वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद द्वारा की जा रही है। इस लीग के लिए खिलाड़ियों की चयन प्रकिया 19 जुलाई से 21 जुलाई तक नेहरु वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद में की गई, जिसमें उत्तर प्रदेश के 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। 72 खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिन्हें छह टीमों में विभाजित किया गया। प्रशिक्षकों के चयन की प्रकिया में कुल 47 प्रशिक्षकों के आवेदन थे। कुल छह टीमों के लिए छह प्रशिक्षकों को चुना गया। 23 जुलाई को ड्रॉ के द्वारा टीम प्रशिक्षकों के नाम का एलान किया गया। 24 जुलाई को खिलाड़ियों की नीलामी हुई। जिसमें टीम मालिकों ने अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को चुना।

इस टूर्नामेंट में विजेता टीम को एक लाख रुपए और उपविजेता टीम को 75 हजार रुपए दिए जाएंगे। तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 50 हजार रुपए नगद पुरुस्कार दिया जाएगा। नेहरु वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद में आयोजित की जाने वाली उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल लीग खेल प्रेमियों का उत्साहवर्धन करने के साथ युवा खिलाड़ियों के लिए एक मंच प्रदान कर रही है। इस टूर्नामेंट में दो दिन का खेल हो चुका है और भारी संख्या में लोग इस टूर्नामेंट को देखने जा रहे हैं।

# बैडमिंटन में भारत का कमाल, सात्विक-चिराग की जोड़ी ने दूसरा मुकाबला जीता



**नई दिल्ली।** सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पेरिस ओलंपिक 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन करके इतिहास रच दिया है। इन दोनों से ही देश को मेडल की आस है, दोनों ने ही अपना पहला मुकाबला जीता था। फिर उनका मैच जर्मनी के मार्क लैम्सफल और मार्विन सेडेल था। लैम्सफस की चोट के कारण जर्मनी की जोड़ी पीछे हट गई। इसके बाद मैच रद्द कर दिया गया।

वहीं सात्विक और चिराग की जोड़ी ने 40वीं रैंकिंग वाले लुकास कोरवी और फ्रांस के रोनन लाबार के खिलाफ जीत दर्ज की थी। इसके बाद कोरवी और लाबार की जोड़ी को इंडोनेशिया के मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान ने हराया है। इंडोनेशिया की जोड़ी के आगे फ्रांस की डबल्स जोड़ी टिक नहीं पाई और मुकाबला हार गई। इससे दो हार के बाद फ्रांस की जोड़ी बाहर हो गई और चिराग-सात्विक को क्वार्टर फाइनल में जगह मिल गई है।

# सीन नदी में पानी की गुणवत्ता को लेकर खड़े हो रहे सवाल, अब स्थगित हुई यह स्पर्धा

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक का उद्घाटन समारोह सीन नदी के किनारे हुआ था जिसे लेकर काफी चर्चा हुई थी, लेकिन अब इस नदी के पानी की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पानी की गुणवत्ता की चिंताओं के कारण मंगलवार को होने वाली पुरुष ओलंपिक ट्रायथलॉन को स्थगित कर दिया गया है। सीन नदी पर इस खेल की तैराकी स्पर्धा का आयोजन किया जाना है।

आयोजकों ने कहा कि वे पुरुषों की ट्रायथलॉन को बुधवार को आयोजित करने का प्रयास करेंगे। महिलाओं की प्रतियोगिता भी बुधवार को निर्धारित है, लेकिन इन दोनों का आयोजन पानी की गुणवत्ता पर निर्भर करेगा। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार, बुधवार और गुरुवार की शाम को तूफान आ सकता है जिससे स्थिति और बिगड़ सकती है। भारी बारिश के कारण आमतौर पर सीन नदी में बैक्टीरिया का स्तर बढ़ जाता है। शुक्रवार को ओलंपिक उद्घाटन समारोह के दौरान पेरिस में भारी बारिश हुई थी और शनिवार को भी बारिश जारी रही। सीन नदी में पानी की गुणवत्ता की चिंता के कारण ही रविवार और सोमवार को ट्रायथलॉन के अभ्यास सत्र रद्द करने पड़े थे।



### फ्रांस के खेल मंत्री ने क्या कहा?

फ्रांस की खेल मंत्री अमेली औडिया-कैस्टेरा ने सोमवार को स्थानीय समाचार चैनल सीएनईडब्ल्यूएस को बताया कि अधिकारी इस आयोजन को लेकर आश्वस्त है। उन्होंने कहा कि नदी में बैक्टीरिया के स्तर को नियंत्रित करने के लिए उन्होंने जो योजनाएं बनाई हैं वे प्रभावी रही हैं, लेकिन मौसम उनके नियंत्रण से बाहर है।

### क्या तैराकी के लायक नहीं थी नदी?

सीन नदी की सफाई में तमाम प्रयासों के बावजूद, अंतिम समय में ओलंपिक आयोजक इसे अस्थायी रूप से बदलना चाहते थे। दरअसल, ओलंपिक खेलों के शुरू होने से चंद दिन पहले परीक्षण के दौरान नदी में बैक्टीरिया के असुरक्षित स्तर का पता चला। इस बीच, पेरिस के अधिकारियों ने रिपोर्ट में बताया कि 24 जून से 2 जुलाई तक नौ में से छह दिन नदी तैराकी के लायक थी।

# ओलंपिक की सबसे उम्रदराज टेटे खिलाड़ी बनीं नी जिया, 61 साल की उम्र में लिया हिस्सा

**पेरिस।** पेरिस में 33वें ओलंपिक का आयोजन हो रहा है। ओलंपिक का ये सीजन किसी न किसी कारण पहले से ही काफी चर्चा में रहा है। वहीं इस ओलंपिक में कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं जिनके खेल देखकर आप उनकी उम्र का पता नहीं लगा सकते। पेरिस ओलंपिक 2024 में कई ऐसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं जो उम्र को अपने खेल के आड़े नहीं आने देते और जोश और जज्बे के साथ ओलंपिक में अपना कौशल दिखा रहे हैं।

इसी तरह पेरिस ओलंपिक में लक्जमबर्ग की 61 साल की टेबल टेनिस खिलाड़ी नी जिया लियान अपना छठा ओलंपिक खेल रही हैं। चीन में पैदा हुई नी ने टेबल टेनिस के अपने पहले दौर में तुर्किए की अपने से लगभग आधी उम्र की 31 साल की सिबल को 49 मिनट में 4-2 से हरा दिया। नी जिया भले ही उम्रदराज है लेकिन उनके हौसले अब भी बुलंद है। उनका कहना है कि वह



उम्रदराज हो गई लेकिन उनका दिल तो जवान है।

### 52 साल से खेल रही नी

नी 1983 में चीन की ओर से खेलते हुए विश्व चैंपियन रह चुकी हैं। उन्होंने दो साल बाद विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक भी जीता है। वह 1991 से लक्जमबर्ग के लिए खेलने लगी। 52 साल से खेल रही नी ने 40 साल तक टॉप स्तर पर टेबल टेनिस खेला है। इस बार जब नी पेरिस में मैच खेलने उतरीं तो वहां मौजूद सभी दर्शकों ने तालियों के साथ उनका स्वागत किया।

# 16 साल की जिया ने रचा इतिहास, इंग्लिश चैनल पार करने वाली दुनिया की सबसे युवा और सबसे तेज पैरा तैराक

**नई दिल्ली।** ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से पीड़ित मुंबई की 16 वर्षीय जिया राय इंग्लिश चैनल पार करने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की और सबसे तेज पैरा तैराक बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि 28-29 जुलाई को हासिल की। जिया ने 28 से 29 जुलाई के बीच 17 घंटे और 25 मिनट के समय में इंग्लैंड के एबट्स क्लिफ से फ्रांस के प्वाइंट डे ला कोर्टे-ड्यून तक इंग्लिश चैनल को तैरकर पार किया। उन्होंने 34 किलोमीटर की दूरी तय की।

वह मुंबई में सेवारत नौसेना के मदन राय की बेटी हैं। पश्चिमी नौसेना कमान (डब्ल्यूएनसी) ने युवा पैरा तैराक को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। पश्चिमी नौसेना कमान ने ह्यएक्सह्न पर लिखा, 'डब्ल्यूएनसी के सभी कर्मचारी जिया राय को इंग्लिश चैनल को सफलतापूर्वक अकेले तैरकर पार करने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की और सबसे तेज महिला पैरा तैराक बनने पर हार्दिक बधाई देते हैं।'

पश्चिमी नौसेना कमान के अनुसार, जिया ने श्रीलंका में स्थित तलाईमन्नार से लेकर भारत में स्थित धनुषकोडी तक पाक जलडमरूमध्य को तैरकर पार किया है। वह 13 घंटे 10 मिनट के भीतर 29 किलोमीटर की दूरी तय करने में सफल रहीं और 20 मार्च, 2022 को विश्व रिकॉर्ड बनाया। इसलिए, वह पाक जलडमरूमध्य को तैरकर पार करने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की और सबसे तेज महिला एथलीट बन गईं। जिया राष्ट्रीय और राज्य ओपन वाटर सी-स्विमिंग चैंपियनशिप में भी पदक जीत चुकी हैं।



### जिया ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

जिया ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसमें पहले पाक खाड़ी में तैरना शामिल है। अपनी सभी अक्षमताओं के बावजूद, जिया सात महासागरों को तैरने वाली दुनिया की पहली और सबसे कम उम्र की पैरा तैराक बनने के मिशन पर हैं। ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर एक न्यूरोलॉजिकल और विकासात्मक स्थिति है जिसका प्रभाव इस बात पर पड़ता है कि लोग दूसरों के साथ कैसे बातचीत करते हैं, संवाद करते हैं, सीखते हैं और व्यवहार करते हैं।

### जिया की कई और उपलब्धियां

जिया ने इतनी कम उम्र में बहुत कुछ हासिल किया है, जैसे दिसंबर 2022 में, उसने 1,100 किलोमीटर तैराकी की। यह मुंबई से गोवा तक छह सदस्यीय रिले टीम के हिस्से के रूप में किया गया था और 11 दिन, 22 घंटे और 13 मिनट में वसई किले तक वापस लाया गया था। वह टीम की सबसे कम उम्र की और एकमात्र महिला प्रतिभागी थीं।

# टेबल टेनिस में मनिका बत्रा ने रचा इतिहास, ओलंपिक के इस राउंड में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय एथलीट काफी अच्छी प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि, भारत ने अभी तक सिर्फ एक ही मेडल जीता है। लेकिन कई खेलों में भारत अच्छा करते आ रहा है। मेडल की पूरी उम्मीद जताई जा रही है। इसी कड़ी में भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने भी अपने शानदार प्रदर्शन के दमपर इतिहास रच दिया है। मनिका ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक में वर्ल्ड की 18वें नंबर की खिलाड़ी को हरा दिया। फ्रांस की इस खिलाड़ी को हराने के साथ उन्होंने राउंड ऑफ 16 यानी की प्री-क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। वह ऐसा करने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी भी बन गई हैं। उन्होंने फ्रांस की पृथिका पावड़े पर 4-0 की आसान जीत दर्ज की है।

मनिका बत्रा ने इस ऐतिहासिक मुकाबले के बाद पीटीआई से बात करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि मैंने पेरिस में एक फ्रांसीसी खिलाड़ी को हराया। मैंने एक उच्च रैंकिंग वाली खिलाड़ी को हराया। मैंने इतिहास रचने और फ्री-क्वार्टर में जगह बनाने के बारे में नहीं सोचा था, अभी और भी राउंड हैं, मैं मैच दर मैच आगे बढ़ती रहूंगी और हमेशा की तरफ अपना बेस्ट दूंगी। इसके साथ ही फ्रांस की खिलाड़ी के खिलाफ मनिका खास प्लान के साथ कोर्ट में उतरी थी। मनिका की पृथिका के बैकहैंड पर हमला करने की चाल बहुत कारगार साबित हुई।



### जीत के बाद बेहद खुश थीं मनिका

वहीं 29 वर्षीय मनिका ने शुरू से अंत तक दबदबा बनाए रखा और भारतीय मूल की पृथिका पर 11-9, 11-6, 11-9, 11-7 से जीत हासिल की। ये ओलंपिक इतिहास में किसी भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी के लिए सबसे यादगार मैचों में एक बन गया। मनिका टोक्यो ओलंपिक में 32वें राउंड तक पहुंची थीं और उन्होंने सोमवार को उस प्रदर्शन को और बेहतर किया।

# राम पार्क कांवड़ सेवा समिति और व्यापार मंडल ने किया कांवड़ शिविर का उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद व्यापार मंडल व राम पार्क कांवड़ सेवा समिति और वार्ड 83 पार्षद के नेतृत्व में मंगलवार को एसीपी रजनीश उपाध्याय, एसएचओ अजय चौधरी, महामंत्री पप्पू पहलवान व प्रवीण भाटी ने संयुक्त रूप से शिविर का उद्घाटन किया। साहिबाबाद में मेट्रो के पिलर नंबर 266 के नजदीक राम पार्क पर कांवड़ लाने वाले शिव भक्तों के लिए कांवड़ शिविर शुरू किया। शिविर का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर सीएल बरेजा, अशोक गुप्ता, सुनील माहेश्वरी, विकास चुघ, लवली, नरेश चौहान, सुशील शर्मा, जितेन्द्र गंभीर, विक्रम बंसल, नरेंद्र चौधरी, सुरेन्द्र चौधरी, अनिल शर्मा, मुकेश शर्मा, अश्वनी शर्मा, महिपाल चौधरी, ब्रह्मपाल, संजय सक्सेना, अनिल जुल्का, बृजेश चंद जैन, मधुसूदन शर्मा, राम निवास पहलवान, पवन मुरारका, जीएस चौहान, कृष्ण गर्ग, एमएल गोस्वामी, जयकृत कसाना, राज सिंह रावल, विकास लोहिया, प्रशांत मावी, राम आसरे चौधरी, प्रमोद सिंघल, अनिल गौर चिराग कौशिक, प्रमोद राजपूत, डॉक्टर महानंद पंडित अमरेश शर्मा और पूर्व पार्षद आशु शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### दिन-रात कांवड़ियों की सेवा में चलेगा शिविर : प्रवीण भाटी

वार्ड 83 पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने बताया कि हरिद्वार से जो कांवड़िए गंगा जल लेकर आते हैं, उनके विश्राम, खाने-पीने, स्नान आदि की व्यवस्था की गई है। शिविर में हर समय डॉक्टर की सेवा मौजूद है। सभी के सहयोग से शिवरात्रि तक दिन-रात शिविर चलाया जाएगा।

# भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ता कर रहे शिव भक्तों की दिल से सेवा

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मोहनगर में चल रहे तीसरे कांवड़ शिविर में शिव भक्त कांवड़ियों की दिल से सेवा कर रहे हैं। मंगलवार को कांवड़ शिविर में पहुंचे राज्य सभा सांसद अनिल अग्रवाल, महामंत्री पप्पू पहलवान, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, पार्षद राहुल शर्मा, महानगर मंत्री दीपक शर्मा, पूर्व पार्षद आशुतोष शर्मा का पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

### कांवड़ यात्रा सनातन संस्कृति को दर्शाने का माध्यम : सचिन डेढ़ा

इस दौरान महानगर युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने कहा कि देश-दुनिया की सबसे बड़ी कांवड़ यात्रा हमारी सनातन संस्कृति को दर्शाने का माध्यम है। देश के विभिन्न राज्यों से शिव भक्त कांवड़िए मनोकामनाएं पूर्ण करने के उद्देश्य से कांवड़ में जल भरकर अपने गंतव्य की ओर रवाना





होते हैं। युवा मोर्चा उपाध्यक्ष आशीष चौधरी ने कहा कि कांवड़ यात्रा सेवा का अवसर है। सभी को शिव भक्त कांवड़ियों की सेवा में योगदान करना चाहिए। सरकार की ओर से शिवभक्तों की यात्रा को सुखद बनाने के लिए तमाम सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता को भी कांवड़ियों की सेवा के लिए आगे आना चाहिए।




### आप बैठक की बात कर रहे हैं अभी तो सभा की भी निकलनी है हवा

फूल वालों के स्टेट मुखिया चौधरी आये और इस बैठक में फूल वाले ही नजर नही आये। गिनाने वालों ने नाम गिनाये और चर्चा शुरू हुई कि अजी वो नही आये और ये नही आये। बात फूल वालों में ही चली तो लहजे में बबूल उग आये। दिलजले फूल वाले के गले से ही उदगार बाहर निकले। उसने कहा कि आप तो बैठक की बात कर रहे हैं अभी तो आप देखना कि उपचुनाव में सभा की भी हवा निकलनी हैं। उसने कहा कि हम किस मुंह से किसी को कह दें कि सभा में आना हैं। आप हमसे पब्लिक लाने की उम्मीद पाले बैठे हैं और हम तो अब खुद आने के प्रोग्राम को भी टाले बैठे हैं। फूल वाले देवतुल्य ने ही कहा कि एक घटना हो तो भूल भी जायें लेकिन यहां तो हमारे साथ हमारी ही सरकार में वो घटा है कि अब हम गिला भी नही करना चाहते और कोई शिकवा भी नहीं।

### जीडीए बोर्ड मेंबर वाली लिस्ट में आ रहा है किस महिला नेता का नाम

बाबा सरकार में सरकारी कृपा कब होगी और किस किस पर होगी इसे लेकर चर्चा फूल वालों में ही चली। आयोग के योग से लेकर संयोग की बाते हुई और कहा गया कि नामित से पहले जीडीए बोर्ड मेंबर वाली लिस्ट आयेगी। लखनऊ वालों को खबर है कि इस बार इस लिस्ट में गाजियबाद की भाजपा महिला नेता स्थान बनायेगी। कयास इस बात को लेकर हैं कि ये महिला नेता कौन सी विधानसभा से आयेगी। जीडीए बोर्ड मेंबर वाली लिस्ट में में महिला शक्ति की एंट्री होगी और ये नाम शासन से तय होकर आयेगा।

### मौहल्ले वालों ने आखिर क्यों नही बताया फूल वाले पार्षद को काम

किस्सा उस मौहल्ले से कनेक्ट हैं जहां की पब्लिक ने चुनाव में तो फूल वाले पार्षद को जिता दिया लेकिन एक साल में ही पता नही ऐसा क्या हुआ कि मौहल्ले वाले अब फूल पार्षद को काम ही नही बता रहे हैं। राज की बात भी मौहल्ले वालों ने बताई और कहा कि ये फूल वाला हर बात को तूल देता है इसलिये अब इसे हम कुछ काम ही नही बताते हैं उन्होने बताया कि मौहल्ले वालों ने ही समाधान के लिये कोई बात इस मेंबर को बताई और उसने मामला ऐसा उलझाया कि चढ़ावा देने के बाद ही काम हो पाया। अब मौहल्ले वाले उसे काम नही बता रहे हैं, कह रहे हैं कि हमसे ही भूल हो गई। हमने मेंबर चुना था और ये कभी मकानो पर सील लगवा रहा है तो कभी दुकानो के चबूतरे तुड़वा रहा है।

# कांग्रेसियों की ओर से लगाया गया 'मोहब्बत की दुकान कांवड सेवा शिविर'



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** कांग्रेसियो की ओर से मोहब्बत की दुकान कांवड सेवा शिविर लगाया गया। सोमवार को इसका उद्घाटन कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी ने सरस्वती माता चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधि-विधान के साथ किया। कांग्रेस की एआईसीसी कोऑर्डिनेटर (ओबीसी) विभाग नीरज प्रजापति के सहयोग से लगे शिविर के बारे में उन्होंने बताया कि यह शिविर भगवान भोलेनाथ की इच्छा तक शिव भक्तों के लिए जारी रहेगा। शिविर में भक्तों के लिए ठहरने, खाने-पीने सहित तमाम व्यवस्थाएं की गई हैं, किसी को कोई परेशानी ना हो इसका पूरा ध्यान रखा जायेगा।

### 'उद्घाटन के मौके पर गणमान्य लोग मौजूद रहे'

शिविर के उद्घाटन के मौके पर पार्टी के जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नीरज कुमारी प्रजापति, पं. सुरेश दौसा, अनुज अग्रवाल शहर अध्यक्ष सेवादल, आशीष शर्मा नगर अध्यक्ष, दीपक प्रजापति, नंदकिशोर शर्मा चाँदवीर चैधरी, कांग्रेस नेता सुनील शर्मा, सोनू प्रजापति गदाना, डॉ0 नासिर, आरिफ राजा आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# दबंगों ने युवक को बेरहमी से पीटकर गंभीर रूप से किया घायल

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** करीब एक सप्ताह पूर्व फफराना रोड पर पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक युवक को बेरहमी से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया, लेकिन शिकायकर्ता का आरोप है कि पुलिस के कहने पर फैसला ना करने पर इस्पेक्टर व चौकी के एक हेड कांस्टेबल की मिलीभगत से उसके खिलाफ आरोपी पक्ष की ओर से छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस के इस कारनामे की शिकायतकर्ता पर वीडियो फुटेज भी है।

### 'पुलिस कमिश्नर ने बैठाई जांच'

मामला पुलिस आयुक्त के समक्ष पहुंच गया हैं, कमिश्नर ने जांच बैठा दी है। बताते चलें कि गत सप्ताह जब फफराना रोड ब्रहमपुरी पानी की टंकी के समीप रहने वाले राजन का पड़ोस में रहने वाले छोटू से कूड़े के ढेर को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के चलते 22 जुलाई को फफराना रोड पर राजन व उसके साथ 15 अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों व सरियों से राजन पर जानलेवा हमला कर दिया था, जान बचाकर राजन थाने पहुंचा। पुलिस ने उसकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली, लेकिन रिपोर्ट दर्ज होने के बाद ही शिकायतकर्ता पर चौकी पर तैनात एक हेडकांस्टेबल समझौते के लिए दबाव बनाने लगा। पुलिस के इस कारनामे की शिकायतकर्ता पर वीडियो फुटेज भी है। मामला पुलिस आयुक्त के समक्ष पहुंच गया हैं, कमिश्नर ने जांच बैठा दी है।

# अनंत होटल पर श्रावण मास में किया गया भंडारे का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नवयुग मार्केट स्थित अंनत होटल पर श्रावण मास में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भारी तादात में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। गणेश ठाकुर ने बताया कि मंगलवार को अनंत होटल पर हवन और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।

बारी-बारी लोग भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुंचे और पुण्य लाभ कमाया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष श्रावण माह में भंडारे का आयोजन करवाया जाता है। जिसमें अनेकानेक श्रद्धालुओं ने हलवा-पूरी, सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य रूप से गणेश ठाकुर, सतीश कुमार, बबली कुमारी, अशोक सिंह के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बलवीर, महेश, गौरव, लव, कुश, पवन, सन्नी, शिवम, चंदन, राज, शबनम, मनीष, प्रिया आदि लोग मौजूद रहे।




### कमिश्नरेट में क्यों इतनी असहाय नजर आ रही खाकी

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में यह दूसरी कांवड़ यात्रा है, लेकिन इस बार की कांवड़ यात्रा का नजारा और माहौल बिल्कुल अलग सा नजर आ रहा है। बीते साल भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाला ही सिस्टम था, लेकिन व्यवस्था और हंगामा करने वाले कावंड़िये कंट्रोल में रखे गए थे। इस बार की स्थिति बिल्कुल बदली हुई है। कांवड़ यात्रा के लिए सबसे ज्यादा भीड़भाड़ वाला मार्ग मेरठ रोड है। मेरठ रोड पर बीते कुछ दिन में ही चार थानाक्षेतत्रों में हंगामा, बवाल और मारपीट जैसे मामले सामने आ चुके हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि सिटी जोन के एक थानाक्षेत्र में तो एक सर्किल का ऐसा मामला रहा है कि वहां थाना प्रभारी से लेकर इलाके वाले साहब को भी अपनी जैसी तैसे रक्षा करनी पड़ी। सुनने में तो यहां तक आया है कि थाना प्रभारी तो कावडियों को बचाते समय कई बार शिकार हो गए। समय रहते इलाके वाले साहब ने और फोर्स मंगा लिया था। सूत्र बता रहे हैं की बाबा के भक्तों के भेष में कौन है यह भी सवाल हो रहा है। वहीं



कांवड़िये किन्नरों से इस कदर आक्रोर्षित हो गए थे कि पुलिस से 3 से 4 बार कांवड़ियों ने किन्नर को छीना और उसकी धुनाई की। वीडियो बता रही है कि आधे वस्त्र किन्नर के फाड़ दिए गए। बताया जा रहा है कि कई पुलिस वालों को चोटें भी आई हैं। वह डंडे, हॉकी और बेसबॉल बल्ले का शिकार हुए हैं। वहीं मुरादनगर नहर के बाद मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र पर बुलेरो कार वाला पुलिस की गाड़ी के साथ जो हाल हुआ था, उसकी तस्वीरें भी किसी से छिपी नहीं है। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में वैसे इस बार कावंड़ यात्रा से एक महीने पहले ही डे और नाइट वाली मीटिंग में हुई लेकिन रोड पर मीटिंग और प्लानिंग का असर अभी तक नजर नहीं आ रहा है। जो पुलिस कभी कावंड़ियों की सेवक और पुष्प वर्षा कर उनको सम्मान देने का काम करती थी, उनके साथ इस बार ऐसा क्यों हो रहा है इसकी चर्चा हर ओर है। कावंड़ियों का यह व्यवहार कई तरीके के सवाल उठा रहा है। सवाल सबसे बड़ा पुलिस और पुलिसिंग का है। लोकल इंटेलीजेंस से लेकर हाईटेक अंदाज में कांवड की सुरक्षा करने वाले अधिकारियों की प्लानिंग का भी है। ड्रोन, बॉडी वार्न कैमरे और सीसीटीवी के जरिए सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे सड़क पर फेल हो रहे हैं। अभी कावंड यात्रा का लगभग 60 घंटे का दौर बाकी है, ऐसे में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम के अधिकारियों के लिए ओपन चैलेंज तो है ही, साथ ही सुरक्षा, सिस्टम और इंतजाम सवालों के घेरे में भी आ रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में देखना होगा इतने सारे आईपीएस अधिकारियों के बीच कौन अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को सही प्रकार से निभाता है या फिर केवल महाराज जी के आने पर ही प्रोटोकॉल और सिस्टम याद आता है। वैसे पुलिस के ही लोग कह रहे हैं इतनी लंबी ड्यूटी में गाजियाबाद पुलिस की ऐसी इंतजामी उन्होंने नहीं देखी। कुल मिलाकर ऐसी मीटिंग, व्यवस्था और प्लानिंग का क्या फायदा कि जब स्थिति कंट्रोल वाली रहनी चाहिए, तब पूरा मामला आउट ऑफ कंट्रोल चल रहा है।

# महिला कांग्रेस और अलका लांबा को मोदी सरकार कमजोर समझने की भूल न करे : पूजा चड्ढा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश की महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण के साथ-साथ कई और मांगों को लेकर सोमवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में राष्ट्रीय महिला कांग्रेस ने जंतर-मंतर पर आंदोलन किया। सरकार इस मुगालते में थी कि कुछ महिलाएं इकट्ठा होंगी।

अलका लांबा के नेतृत्व में जंतर-मंतर पर हजारों की संख्या में सुबह से ही महिलाएं इकट्ठा होना शुरू हो गईं। सभी ने लाल रंग के कपड़े पहने हुए थे। महिलाओं के तेवर से साफ था कि आज मोदी की पुलिस को नाकों चने चबाने पड़ेंगे। पुलिस के हाथ-पांव फूल गए थे जैसे ही अलका लांबा ने हजारों की तादाद में आई हुई महिलाओं को संसद की तरफ बढ़ने के लिए कहा। महिलाओं ने बेरिकेडों को तोड़ते हुए आगे बढ़ना शुरू कर दिया। अलका लांबा ने बेरीकेड पर चढ़ते हुए पुलिस के सारे इंतजाम ध्वस्त कर दिए।





### तीनों मांगें पूरी होने तक हम लड़ते रहेंगे

गाजियाबाद महिला कांग्रेस नेत्री पूजा चड्ढा ने अलका लांबा के साथ मिलकर पुलिस से पूरा संघर्ष किया जिसमें अलका लांबा सड़क पर ही बेहोश हो गईं और पूजा चड्ढा को पुलिस हाथ-पैर पकड़ कर खींचती हुई ले गई। दिल्ली पुलिस ने महिलाओं के खिलाफ जबरदस्त बल प्रयोग किया लेकिन महिलाएं फिर भी सरकार की तानाशाही के विरुद्ध डटी रहीं। महिला नेता पूजा चड्ढा ने रिहाई के बाद कहा कि अमित शाह की पुलिस कांग्रेस पार्टी और हमारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा को कमजोर समझने की भूल न करे। महिलाओं के लिए उठाई गई तीनों मांगें पूरी होने तक हम लड़ते रहेंगे।

## महाकवि डॉ. कुंअर बेचैन फाउंडेशन ने की कवितायन काव्य गोष्ठी

# 'बदरी बाबुल के अंगना जइयो' गाकर डॉ. कुंअर बेचैन को किया याद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महाकवि डॉ. कुंअर बेचैन फाउंडेशन की तरफ से नेहरू नगर में कवितायन काव्य गोष्ठी सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर मंगल नसीम ने की और मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि जय सिंह आर्य रहे। प्रसिद्ध कवि देवेन्द्र मिर्जापुरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रख्यात कवयित्री व संगीत की ज्ञाता डॉ. तारा गुप्ता, प्रसिद्ध हास्य कवि डॉ. प्रवीण शुक्ल और महाकवि डॉ. कुंअर बेचैन फाउंडेशन संस्था के संरक्षक शरद रायजादा के सानिन्ध्य मे कवितायन काव्य गोष्ठी 5 घंटे चली।



### दीप प्रज्वलित कर किया समारोह का शुभारम्भ

सभी सम्मानित कवियों ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। मंच संचालन युगल जोड़ी डॉ. अंजू सुमन साधक और मृत्युंजय साधक ने किया। मृत्युंजय साधक ने अपनी मधुर वाणी से सरस्वती वंदना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### गणमान्य लोग मौजूद रहे

पांच घंटे तक लगातार चली गोष्ठी में मंगल नसीम, देवेंद्र मिजार्पुरी, डॉ. प्रवीण शुक्ल, जय सिंह आर्य, डॉ. तारा गुप्ता, डॉ. तूलिका सेठ, डॉ. अल्पना सुहासिनी, वंदना कुंअर, सुश्री गार्गी कौशिक, विनोद यादव, दुर्गेश अवस्थी, कुलदीप बरतरिया, बीएल बत्रा, राजीव सिंहल, मधु श्रीवास्तव, सुरेन्द्र शर्मा, पूनम माटिया, डॉ. बीना शर्मा, ईश्वर सिंह तेवतिया, डॉ. श्वेता त्यागी, सोनम यादव, उमेश प्रेमी, डॉ. अंजु सुमन साधक एवं मृत्युंजय साधक ने बहुत सुंदर काव्य पाठ किया।

हापुड़ से पधारे शिव कुमार त्यागी ने अतिथियों को अपनी पुस्तक भेंट की। गोष्ठी में दुष्यंत सक्सेना, अचिंत सक्सेना, मंजू सक्सेना और मनोज बरतरिया आदि भी उपस्थित रहे। सिद्धार्थ रायजादा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में संस्था के संरक्षक शरद रायजादा ने डॉ. कुंअर बेचैन फाउंडेशन संस्था की ओर से सभी का आभार प्रकट किया। महाकवि डॉ. कुंअर बेचैन के गीत 'बदरी बाबुल के अंगना जइयो' सामूहिक रूप से गाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# उमस भरी गर्मी ने कावड़ियों को किया बेहाल, हौसले फिर भी बुलंद



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मौसम के तेवर फिर से गर्म हो रहे हैं। पारा चढ़ता जा रहा है। उमस ने गर्मी को बढ़ा दिया है। दिन में सूरज की तपिश से पसीने नहीं सूख रहे हैं। दो दिन तक मौसम ऐसे ही बना रहेगा। अभी उमस गर्मी को बढ़ा रही है। जिसके चलते कांवडिंयों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम का मिजाज दो दिन बाद फिर से बदल गया है। गर्मी का असर बढ़ने के कारण कांवड़ियों का पसीना नहीं सूख रहा है। शहरवासी गर्मी में हलकान हैं और सूरज की तपिश कम नहीं हो रही है। बारिश से जहां मौसम कुछ बदल गया था, अब फिर से गर्मी बढ़ गई है। मंगलवार को होने को तो एक दो स्थानों पर मामूली बूंदाबांदी हुई, लेकिन इस बूंदाबांदी ने मौसम का मिजाज उमस भरा कर दिया। जिस कारण जल लेकर आ रहे कांवड़ियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। भोले की भक्ति ऐसी है कि इस उमस भरी गर्मी में भी कांवड़ियों के हौसले बुलंद हैं।

# केनरा बैंक गाजियाबाद ने स्वयं सहायता समूह के लिए ऋण संबद्धता कार्यक्रम किया आयोजित

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** क्षेत्रीय कार्यालय, केनरा बैंक गाजियाबाद द्वारा स्वयं सहायता समूह के लिए ऋण संबद्धता कार्यक्रम क्रेडिट लिंकेज कार्यक्रम का आयोजन भोजपुर ब्लाक में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक केनरा बैंक अंचल कार्यालय दिल्ली राजेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड गाजियाबाद अलका, ब्लाक प्रमुख भोजपुर सुचेता सिंह, खंड विकास अधिकारी पीयूष चंद्र राय रहे। क्षेत्रीय प्रमुख केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय गाजियाबाद संजीव कृष्ण सिंह ने स्वागत करते हुए कहा कि क्षेत्रीय कार्यालय गाजियाबाद द्वारा कृषिक क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं और एसएचजी के लिए क्षेत्रीय कार्यालय, गाजियाबाद हमेशा आगे रहा है।

केनरा बैंक ने डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया : राजेश कुमार सिंह

केनरा बैंक के मुख्य महाप्रबंधक अंचल कार्यालय दिल्ली राजेश कुमार सिंह ने केनरा बैंक द्वारा कृषि क्षेत्र में किए गए योगदान की विस्तृत चर्चा की। उन्होने बताया कि हालही में



बैंक ने एसएचजी के वित्त पोषण के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया। अब बैंक द्वारा एसएचजी के सभी खाते डिजिटल माध्यम से खोले जाएंगे। उन्होंने एसएचजी पर खास तौर पर जोर देने का निर्देश दिया। उन्होंने कुल 150 ऋण संस्वीकृति पत्र वितरित किए। इस कार्यक्रम में मोदीनगर ए सीकरीकलां, गदाना, भोजपुर, खिदौड़ा, फरीदनगर तलैहटा आदि के शाखा प्रमुखों ने ऋण सबद्धता कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने इस उत्कृष्ट सेवा की सराहना की और आगे भी इस तरह के कार्य जारी रखने की आशा की। इस कार्यक्रम में मण्डल प्रबन्धक केनरा बैंक रवि शंकर सिंह व पंकज आर्य आदि उपस्थित थे। श्रीबुद्ध राम अग्रणी जिला प्रबन्धक केनरा बैंक द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# कांवड़ियों के भेष में कथित असामाजिक तत्वों से रहें सतर्क

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** श्रावण मास में चल रही ऐतिहासिक व धार्मिक कांवड़ यात्रा के दौरान गाजियाबाद, मुरादनगर, मोदीनगर, मेरठ व मुजफ्फरनगर सहित अन्य कई स्थानों पर कांवड़ियों के छदम भेषधारी कथित अराजक तत्वों द्वारा की जा रही हिंसात्मक व अराजकतापूर्ण घटनाओं पर अनेक धर्माचार्यों ने चिंता जाहिर की है।

उन्होंने शिवभक्त कांवड़ियों से मार्मिकअपील की है कि वे यात्रा के दौरान इस प्रकार के कांवड़ियों के भेष में कथित असामाजिक तत्वों से सतर्क रहें। उनकी कथित अराजकतापूर्ण गतिविधियों पर कड़ी निगाह बनाए रखें, क्योंकि ये अराजक तत्व तुच्छ स्वार्थवश अपनी ओछी हरकतों से सच्चे शिवभक्तों की उज्जवल छवि को धूमिल बना रहे हैं। साथ ही वे पुलिस, प्रशासन एवं जनता के लिए सिरदर्द सिद्ध हो रहे हैं।

### कठिन परिश्रम, धैर्य और संयम से ही साधना होती है सार्थक

श्रीमद्भागवत कथा व्यास तथा श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर के पं. डॉ. देवेंद्र शास्त्री, हनुमंत कथा मर्मज्ञ पं. अरविंद्र भाई ओझा, श्री सनातन हरि मंदिर के प. सूरज प्रकाश वशिष्ठ, ऐतिहासिक छतरी वाले शिव मंदिर के पं. हरिशंकर शर्मा, हरमुखपुरी के महंत पं. उदय चन्द्र शास्त्री व प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. कुंज बिहारी वशिष्ठ आदि ने यहां प्रथक प्रथक वक्तव्यों में कांवड़ यात्रा के दौरान प्रदेश के कई क्षेत्रों में हुई मारपीट, निजी व सरकारी वाहनों को पलटना, तोड़फोड़ करना आदि की हिंसात्मक एवं अराजकतापूर्ण घटनाओं को दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद एवं चिंतनीय बताते हुए कहा है कि जगत कल्याण के साक्ष्य स्वरूप भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए प्रारंभ साधना (कांवड़ लेकर पद यात्रा करना) के दौरान हिंसा व अराजकता करना कांवड़ियों को शोभा नहीं देता। यह कठिन साधना तभी सार्थक सिद्ध होगी, जब शिवभक्त शांतिपूर्वक, धैर्य व संयम के साथ भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करेंगे। छोटी-छोटी बातों पर उन्हें उत्तेजित होना अथवा हिंसा व अराजकता को बढ़ावा देना कतई शोभा नहीं देता।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...




# बलूचियों को देखते ही गोली मार रहे पाकिस्तानी फौजी

## हजारों प्रदर्शनकारी हिरासत में

**ग्वादर।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना नस्लीय नरसंहार को अंजाम दे रही है। आज पूरा ग्वादर अशांत हो चला है। हर तरफ संगीनों का साया है। बलूचियों को देखते ही गोली मार दी जा रही है, विरोध करने वालों को अगवा कर गायब कर दिया जा रहा है। हजारों बलूची नागरिक गलत तरीके से डिटेन कर लिए गए हैं। हाल ही में प्रदर्शनकारियों पर पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने गोलीबारी की, जिसमें एक व्यक्ति की भी मौत हो गई, तो दर्जनों लोग घायल हो गए। यही नहीं, अब प्रशासन ने बलूच नेताओं को खुलेआम सफाए की धमकी भी दी है, जिसके खिलाफ लोगों ने आवाज उठाई है।

**एक प्रदर्शनकारी की मौत, कई लोग घायल**

अब इस मामले में ग्वादर के मानवाधिकार कार्यकर्ता महरंग बलूच ने आवाज उठाई है और ग्वादर में पाकिस्तानी सेना के अत्याचारों को दुनिया के सामने रखा है। महरंग ने बताया है कि ग्वादर को पूरी तरह से कैद कर लिया गया है, जिसकी वजह से न कोई शह में आ सकता है और न ही बाहर जा सकता है। दुनिया को संदेश देते हुए कहा कि सुरक्षा बल ग्वादर में स्थानीय लोगों पर गोलाबारी और गोलीबारी कर रहे हैं, जिससे किसी को भी शहर में प्रवेश करने या बाहर जाने से रोका जा रहा है। यही नहीं, ग्वादर में इंटरनेट भी बैन किया जा चुका है।

ग्वादर में कड़ाई तह से बढ़ गई है, जब से महरंग बलूच के नेतृत्व वाली बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) ने 13 जून, 2024 को कराची प्रेस क्लब में ह्यबलूच नरसंहारह्न के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की घोषणा की थी। इसके बाद से महरंग बलूच और अन्य बीवाईसी नेताओं को उत्पीड़न और धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार (27 जुलाई 2024) को स्थिति और भी खराब हो गई। महरंग बलूच ने कहा, ह्नसेना ने बलूचिस्तान को सैनिक इलाके में बदल दिया है। हम बलोच लोग शांत हैं और शांति से ही विरोध कर रहे हैं। हम लोकतांत्रिक अधिकारों से आवाज उठा रहे हैं और बलूचों को बलूच नरसंहार के खिलाफ आवाज उठाने का अधिकार है।

**बलूचों ने दुनिया से लगाई मदद की गुहार**

इस मामले में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेतृत्व वाली बलूचिस्तान सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए ग्वादर में विरोध प्रदर्शन के आयोजन की अनुमति देने से इनकार कर दिया।

# क्वाड देशों ने यूक्रेन युद्ध पर जताई चिंता

## उ. कोरिया का बैलिस्टिक मिसाइल तकनीक का इस्तेमाल करना निंदनीय

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो में सोमवार को क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई। बैठक के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया गया, जिसमें बैलिस्टिक मिसाइल तकनीक का उपयोग करने और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों (यूएनएससीआर) के उल्लंघन के लिए उत्तर कोरिया की आलोचना की गई। बयान में उत्तर कोरिया से यूएनएससीआर का पालन करने का आग्रह किया गया।

बता दें कि उत्तर कोरिया पर हाल ही में आरोप लगा है कि उसके हैकर्स दुनियाभर की सरकारी और निजी कंपनियों से परमाणु और सैन्य गोपनीय जानकारियों को चुराने का प्रयास कर रहे हैं। क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान उत्तर कोरिया द्वारा साइबर गतिविधि के उपयोग पर चिंता व्यक्त की गई। क्वाड विदेश मंत्रियों ने संयुक्त बयान में कहा, हम उत्तर कोरिया द्वारा अपने अवैध सामूहिक विनाश के हथियारों और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों को वित्तपोषित करने के लिए प्रसार संबंधों, दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधि और विदेशों में कामगारों के उपयोग पर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं। हम यूएनएससीआर के अनुरूप कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्ण परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं और उत्तर कोरिया से यूएनएससीआर के तहत अपने सभी दायित्वों का पालन करने और ठोस बातचीत में शामिल होने का आग्रह करते हैं।



उत्तर कोरिया से यूएनएससीआर का पालन करने का किया गया आग्रह

क्वाड देशों ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर भी अपनी चिंता व्यक्त की और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप शांति की आवश्यता पर जोर दिया। संयुक्त बयान में कहा, हम यूक्रेन में चल रहे युद्ध पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हैं, जिसमें युद्ध के भयानक और दुखद मानवीय परिणाम शामिल हैं। हम अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप एक व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति की आवश्यता को दोहराते हैं, जो संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान सहित यूएन चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धातों के अनुरूप है।

**क्वाड ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक कूटनीतिक साझेदारी है,**

क्वाड मीटिंग में विदेश मंत्रियों ने सीमा पार आतंकवाद की भी निंदा की और आतंकवादी संगठनों द्वारा ड्रोन और सुरंगों के इस्तेमाल पर अपनी अस्वीकृति व्यक्त की। जिसके बाद एक संयुक्त बयान में कहा, हम सीमा पार आतंकवाद सहित सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद की स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं। हम आतंकवादियों और आतंकवादी संगठनों द्वारा मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी), ड्रोन, सुरंगों, सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के उपयोग की निंदा करते हैं। हम 26/11 मुंबई और पठानकोट हमलों सहित आतंकवादी हमलों की निंदा को दृढ़ता से दोहराते हैं। विदेश मंत्रियों ने सभी देशों से आग्रह किया कि वे अपने नियंत्रण वाले क्षेत्र को आतंकवादी उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल होने से रोकने के लिए तत्काल, निरंतर और अपरिवर्तनीय कार्रवाई करें।

बता दें कि क्वाड ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक कूटनीतिक साझेदारी है, जो एक खुले, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बलूचिस्तान में पाक सेना के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा, एक जवान की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में लोग अब खुलकर सेना की ज्यादतियों के खिलाफ आ गए हैं। सोमवार को प्रांत के ग्वादर जिले में राष्ट्रवादी बलूच आंदोलनकारी बलूच यकजेहती समिति की रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों का गुस्सा फूट पड़ा और वे वहां तैनात सुरक्षा बलों के साथ भिड़ गए।



इसमें पाकिस्तानी सेना के एक जवान की मौत हो गई और एक अधिकारी समेत 16 अन्य घायल हो गए। प्रदर्शनकारी समिति के सदस्यों को रिहाई की मांग कर रहे हैं। बीवाईसी अपने सदस्यों की रिहाई की मांग को लेकर दो दिन से ग्वादर में धरना प्रदर्शन कर रही है।

समिति की नेता महरंग बलोच ने कहा कि जब तक हिरासत में लिए गए आंदोलनकारियों को रिहा नहीं किया जाता, तब तक धरना जारी रहेगा।

प्रदर्शनकारियों के अनुशासन और साहस की सराहना करते हुए महरंग ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, आज आप लोगों ने न केवल पाकिस्तान को बल्कि पूरी दुनिया को संदेश दिया है कि राज्य की बंदूकें और शक्ति लोगों के सामने धूल का ढेर हैं। बीवाईसी के मुताबिक, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान विश्वविद्यालय के सामने धरने पर हमला किया और 12 महिलाओं और 50 से अधिक पुरुषों का अपहरण कर लिया।

# इंग्लैंड में चले चाकू : दो बच्चों की मौत, नौ घायल

## किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला ने जताया दुख

**लंदन।** उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड में सोमवार को एक शख्स ने बच्चों की डांस क्लास में लोगों पर चाकू से हमला किया। इस दौरान दो बच्चों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। इस हमले एक बाद एक सत्रह



वर्षीय लड़के को गिरफ्तार किया गया और चाकू जब्त किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

एक चश्मदीद ने घटना के बारे में बताया कि उसने खून से लथपथ बच्चों को एक सामुदायिक केंद्र से भागते हुए देखा। लिवरपूल के पास समुद्र तटीय शहर साउथपोर्ट में एक सामुदायिक केंद्र 6 से 11 साल के बच्चों के लिए टेलर स्विफ्ट-थीम पर आधारित डांस और योग क्लास चल रही थी। इस कार्यक्रम के लिए पहले एक विज्ञापन जारी किया गया था।

प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने इस हमले को भयावह और स्तब्ध कर देने वाला बताया है। पुलिस ने बताया कि उसके अधिकारियों को दोपहर में साउथपोर्ट में एक पते पर बुलाया गया था, जो लिवरपूल के पास करीब एक लाख लोगों का समुद्र तटीय शहर है। पुलिस ने इसे बड़ी घटना बताया है लेकिन साथ ही यह भी कहा कि जनता के लिए अब कोई बड़ा खतरा नहीं है। जासूस इस हमले को आतंकवाद से जुड़ा हुआ नहीं मान रहे हैं। संदिग्ध घटनास्थळ से करीब आठ किलोमीटर दूर एक गांव में रहता था।

उत्तर पश्चिम एंबुलेंस सेवा ने बताया कि डॉक्टरों ने उन आठ लोगों का इलाज किया, जिन्हें चाकू से चोट आई थी।

# 'भारत और अमेरिका के संबंध क्वाड से भी बड़े हैं'

## अमेरिकी विदेश मंत्रालय की अधिकारी का बयान

**लंदन।** जापान की राजधानी टोक्यो में क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक के बीच अमेरिका का भारत के साथ संबंधों को लेकर बयान सामने आया है। वॉशिंगटन ने कहा कि नई दिल्ली के साथ उसके संबंध केवल सुरक्षा क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं। बल्कि यह दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध हैं, जो कई क्षेत्रों में व्यापक रूप से फैले हुए हैं।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय की हिंदुस्तानी प्रवक्ता मार्गरेट मैकलियोड ने कहा, ₹मुझे लगता है कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध क्वाड से बड़े हैं। क्वाड सिर्फ एक कुछ देशों का एक समूह है, जो एक विशेष क्षेत्र पर केंद्रित है। लेकिन जब हम भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों की बात करते हैं, तो हम महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगियों पर काम करने, मालाबार अभ्यास, लोगों के आपसी संबंधों, शिक्षा के क्षेत्र में निवेश करने और हमारे संबंधों को मजबूत करने के बार में बात कर रहे होते हैं।



मंत्रालय की अधिकारी ने एक इंटरव्यू में न केवल दोनों देशों के बीच लोगों के मजबूत आपसी संबंधों का जिक्र किया, बल्कि इस बारे में विस्तार से बात की की कि अमेरिका इस समूह में भारत की भूमिका को किस तरह देख रहा है। उन्होंने कहा, ₹भारत और अमेरिका कई नई तकनीकों पर साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हम शिक्षा के क्षेत्र में भी मिलकर काम कर रहे हैं। हमारा रिश्ता बहुत मजबूत है। हमारे यहां अमेरिका में भारतीय प्रवासी हैं, जो एक सेतु के रूप में दोनों देशों के बीच संबंधों में काफी योगदान दे रहे हैं।

मैकलियोड ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे ओपन आरएएन (रेडियो एक्सेस नेटवर्क) की विश्वसनीयता है और यह बेहतर कीमतों पर आएगा।

# 70 वर्षीय बुजुर्ग मां के गहने चोरी किए, भारतवंशी शख्स को सजा

**सिंगापुर :** सिंगापुर में एक टैक्सी चालक को अपनी 70 वर्षीय बुजुर्ग मां के 43,400 सिंगापुर डॉलर की कीमत के गहने समेत चार चोरी के आरोपों धोषी ठहराए जाने के बाद में एक साल पांच महीने की सजा सुनाई गई है। आरोपी की पहचान 48 वर्षीय माइकल राज के तौर पर की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, वह वित्तीय समस्याओं से जूझ रहा था, इससे बाहर निकलने के लिए उसने तीन रोलेक्स की घड़ियों की चोरी की। इन घड़ियों की कीमत 200,000 सिंगापुरी डॉलर बताई जा रही है।

माइकल राज के अपराध का सिलसिला तब शुरू हुआ, जब उसने 2021 में अपने मां के आभूषण चुराए। उप अभियोजक टैन शी युन ने कहा, यह किसी वापरवाह पीड़िता का मामला नहीं है, जिसने अपना सामान खुले में छोड़ दिया। पीड़िता का सामान अलमारी के एक दराज में रखा था और उसकी चाबी दूसरे दराज में रकी हुई थी। माइकल ने अपनी मां की सहमति के बिना अलमारी से कीमती सामान की चोरी कर उसे दुकानों में गिरवी रखकर अपना कर्ज चुकाया।

जुलाई 2021 में पीड़िता ने अपने आभूषण में कुछ सामान गायब पाया। उसने इसकी जानकारी पुलिस को दी। माइकल ने तब से लेकर अबतक अपनी मां को तीन हजार सिंगापुर डॉलर का भुगतान कर चुका है। सितंबर 2022 में वह टैक्सी चला रहा था। उसने एक यात्री को शॉपिंग मॉल में छोड़ा। हालांकि, इस दौरान यात्री गाड़ी में ही सो गया था।

# नौ मई की हिंसा से पहले किया था शांतिपूर्ण विरोध का आह्वान, गलत ढंग से पेश किया गया बयान : इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को एक बार फिर कहा कि उन्होंने रावलपिंडी में सेना के मुख्यालय (जीएचक्यू) के बाहर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। पिछले हफ्ते पीटीआई पार्टी के संस्थापक ने इसी तरह का बयान दिया था। लेकिन उनके विरोधियों ने उनके बयान को इस तरह से पेश किया था कि उन्होंने अपने अपराध को कबूल कर लिया है। खान अभी रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं।

### 'न्यायिक परिसर में मुझे मारने की योजना थी'

खान अपने उस पर बयान पर अभी भी कायम हैं, जो उन्होंने एक हफ्ते पहले पत्रकारों से बात करते हुए कहा था कि पिछले साल नौ मई की हिंसा से पहले उन्होंने जीएचक्यू के बाहर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पास सबूत हैं कि 18 मार्च 2023 को इस्लामाबाद न्यायिक परिसर के बाहर उन्हें मारने की योजना थी।



अदियाला जेल में पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में खान ने कहा, मैंने पार्टी को निर्देश दिया था कि अगर सेना और रेंजर्स मुझे गिरफ्तार करते हैं तो जीएचक्यू और छावनियों के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जाए। उन्होंने यह भी दावा किया कि जीएचक्यू के बाहर प्रदर्शन के बारे में उनके बयान को ऐसे पेश किया गया, जैसे मैंने नौ मई का अपना अपराध कबूल कर लिया हो।

नौ मई को हुई हिंसा के बारे में एक सवाल के जवाब में खान ने कहा, ₹विरोध शांतिपूर्ण इसलिए नहीं था, क्योंकि यह पूर्व नियोजित था। सीसीटीवी फुटेज जारी नहीं किया जा रहा है, क्योंकि इसमें हमारे लोग नहीं हैं और यह हमारी बेगुनाही साबित करेगा।

# आईएलओ की रिपोर्ट : सपनों को पूरा करने की आस में महिलाएं छोड़ रहीं देश

## धोखाधड़ी की हो रहीं शिकार, झेल रहीं अमानवीय व्यवहार

**संरा. :** दूर तक दिखते ताड़ के वृक्षों के ऊपर फैले साफ, नीले आकाश में चमकता सूरज और आगे जाकर सागर से मिलती घुमावदार सड़क - यह नजारा देखकर मन में बरबस ही यह सवाल उठ जाता है कि आखिर इस स्वर्ग को छोड़कर कोई क्यों बाहर जाना चाहेगा। लेकिन यह वास्तविकता है उन हजारों-लाखों महिलाओं की, जो बड़ी संख्या में घरेलू कामगारों के तौर पर काम करने के लिए दूसरे शहरों या देशों की ओर जाती हैं। लाखों लोगों के लिए प्रवासन समृद्धि का रास्ता है। भारत से वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक संख्या में अंतरराष्ट्रीय प्रवासी बाहर जाते हैं। इसीलिए, भारत सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय धनराशि पाने वाला देश भी है।



### घर से दूर जाने की मजबूरी

आंध्र प्रदेश की सुवर्णा मैरी अपने बच्चों को गांव में छोड़कर अपने पति के साथ खाड़ी के देश गई हैं। किसी भी अन्य महिला की ही तरह उनका भी सपना था कि उनका अपना एक घर हो, उनके बच्चे पढ़-लिख सकें। लेकिन एक खेती मजदूर के रूप में वो मात्र 200-300 रुपए दिहाड़ी ही कमा पाती थीं। वहीं सरोजिनी को खाड़ी देश में 25 हजार रुपये महीने तक की आमदनी होने की संभावना दिखी। यह रकम एक खेती मजदूर की उनकी आय से बहुत ज्यादा तो थी। साथ ही गांव में रोजगार मिलना भी बहुत मुश्किल होता था और कम शिक्षित होने की वजह से आमदनी बढ़ने की कोई उम्मीद भी नजर नहीं आ रही थी। लेकिन प्रवासन का फैसला आसान नहीं था झ खासतौर पर बच्चों व बुजुर्गों की देखभाल की ज़िम्मेदारी, शिक्षा और अपने घर से दूर एक नई दुनिया में जीवनयापन से जुड़ी परेशानियां को लेकर चिंता थी।

चपला अडम्मा की उम्र 20 वर्ष भी नहीं रही होगी, जब उनके पति की मृत्यु हो गई और बच्चे के पालन-पोषण की पूरी ज़िम्मेदारी उन पर आ गई। तब उन्हें खाड़ी में जाकर काम करने के अवसर के बारे में जानकारी मिली। इसी तरह मराईम्मा की कहानी भी उन असंख्य महिलाओं से मिलती-जुलती है, जिन्होंने अपने अत्याचारी पति से बचने और अपने बच्चों को बेहतर जिंदगी देने के लिए प्रवासन करना उचित समझा।



**भारत से वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक संख्या में अंतरराष्ट्रीय प्रवासी बाहर जाते हैं**

प्रवासन को लेकर सुवर्णा का वापस लौटने का फैसला भरोसे पर टिका था। इनमें से ज्यादातर महिलाओं को घरेलू कामकाज करके अपना जीवन बदलने के बारे में अपने रिश्तेदारों या दोस्तों से जानकारी मिली थी। लेकिन जो उन्हें नहीं बताया गया- वो था इस प्रवासन से जुड़ी उनकी व्यक्तिगत हानि।

सुवर्णा मैरी को काम देने वाले लोग उसे बिना आराम या पर्याप्त भोजन दिए लगातार काम करवाते थे। साथ ही, उसे गालियों व शारीरिक उत्पीड़न का भी सामना करना पड़ता था व एक साल उनका वेतन भी रोककर रखा गया। चूंकि एक प्रवासी होने के नाते उन्हें अपने अधिकारों व बचने के तरीको की जानकारी नहीं थी, तो उनका शोषण जारी रहा।

एक और प्रवासी घरेलू कामगार स्वरूपा रानी बताती हैं कि मैं अपनी चचेरी बहन की मदद से वहां गई। मुझे अरबी भाषा की जानकारी नहीं थी और मुझे खाने के लिए समय नहीं दिया जाता था। मैडम मुझसे अकेले चार लोगों का काम करवाती थीं। अपने रिश्तेदारों के यहां भी काम करने ले जाती थीं। मैं वापस आना चाहती थी लेकिन उन्होंने कहा कि हमने तुम्हें दो साल के लिए लिया है, तो अगर तुम्हें वापस जाना है तो जो दो लाख रुपये हमने दिए हैं, वो वापस देने होंगे। इसलिए मुझे वहां दो साल रुकना पड़ा।

इनमें से ज्यादातर महिलाएं स्कूली शिक्षा भी पूरी नहीं पाईं और निम्न-आय वाले परिवारों से आती हैं। इनमें से अधिकतर महिलाएं 30 वर्ष से कम आयु की हैं, जिससे उन्हें भारत सरकार के एक निर्देश के तहत 17 देशों में जाने की अनुमति नहीं हैं, जिनमें से ज्यादातर पश्चिमी एशिया में हैं।

### अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) ने की पहल

यह निराशा की नहीं, बल्कि उम्मीद की है। इनमें से अनेक महिलाएं पहली पीढ़ी की प्रवासी हैं, जिन्होंने कुछ साल दूसरे देश में बिताए हैं, उनके अनुभवों से उनका दूरगामी व्यापक दृष्टिकोण बना और अब वो अन्य महिलाओं को सुरक्षित रूप से प्रवासन करने में मदद करती हैं। घर वापस लौटकर, सुवर्णा मैरी आंध्र प्रदेश का घरेलू कामगार संघ का हिस्सा बनीं, जो अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के आजादी से काम करने के कार्यक्रम द्वारा समर्थित है। सुवर्णा कहती हैं कि इस संघ के जरिये मुझे अपने अधिकारों के बारे में अहम जानकारी प्राप्त हुई। यूनियन की सदस्य के तौर पर वो अब महिलाओं को सुरक्षित प्रवास करने के लिए जागरूकता फैलना का काम करती हैं और उन्हें दस्तावेज अपने परिवारों के पास रखने की अहमियत और बिना पंजीकरण वाले एजेंटों से सावधान रहने की हिदायत देती हैं। स्वरूपा रानी भी महिलाओं को कामकाजी घंटों, आय, छुट्टियों व उचित आराम तथा भोजन के बारे में उनके अधिकारों के प्रति जागृत करने में लगी हैं। सरोजिनी बातती हैं कि मैं गांव के लोगों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, पैंशन जैसी सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करने का काम करती हूं। इसमें हम महिलाओं को सदस्यों के रूप में पंजीकृत करते हैं, जिससे अगर विदेश में उन्हें किन्ही चुनौतियों का सामना करना पड़े या वापस आने की जरूरत पड़े तो उन्हें समर्थन व मदद हासिल हो सके।






# कांवड़ यात्रा में लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों पर गिरि गाज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र के अंतर्गत कावड़ यात्रा के दौरान बुलेरो टकराने के मामले में आखिरकार पुलिस अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए पांच पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की है। डीसीपी सिटी राजेश कुमार चौरसिया ने कड़ा एक्शन लेते हुए कुल 5 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। जिसमें सिविल पुलिस के दो दरोगा, एक कॉन्स्टेबल और 2 ट्रैफिक कॉन्स्टेबल पर कारवाई की गई है। पुलिस विभाग में इस कार्रवाई के बाद कावंड़ यात्रा को लेकर और अलर्टनेस बढ़ा दी गई।

बता दे कि सोमवार को मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में कांवड़ियों के लिए आरक्षित एक लाइन में विद्युत निगम के विजलेंस विभाग की एक बुलेरो गाड़ी घुस गई थी। जिसकी कांवड़ियों से टक्कर हो गई थी, उसे कांवरियों ने तोड़फोड़ करते हुए बोलेरो को खत्म कर दिया था।



## जांच में पाई गई पुलिसकर्मियों की लापरवाही

**करंट क्राइम ।** डीसीपी सिटी जोन राजेश चौरसिया ने पूरे मामले में कार्रवाई का निर्देश दिया था। कार्रवाई में पुलिसकर्मियों की लापरवाही पाई गई। जिसके बाद पांचो पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। इसमें एक उप निरीक्षक रविंद्र जो की मधुबन बापू धाम थाने से और अन्य पुलिसकर्मी लाइन और ट्रैफिक से संबंधित थे।

# 'संभव' के अंतर्गत नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सुनी जनसमस्याएं





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संभव जनसुनवाई के अंतर्गत जन समस्याओं को सुना। मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनिंद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, संपत्ति प्रभारी पल्लवी सिंह तथा प्रकाश प्रभारी आश कुमार उपस्थित रहे।

## 'जनसुनवाई में 10 समस्याएं आईं सामने, समस्या के समाधान पर निगम को मिला धन्यवाद'

'संभव' के दौरान स्वास्थ्य विभाग की तीन समस्याएं उद्यान विभाग की एक समस्या प्रकाश विभाग की एक समस्या जलकल विभाग की एक समस्या तथा अतिक्रमण संबंधित तीन समस्याएं प्राप्त हुई। नगर आयुक्त के निर्देशानुसार प्राप्त सभी समस्याओं पर तत्काल कार्यवाही कराई गई। कार्यवाही होने के उपरांत नगर आयुक्त तथा निगम अधिकारियों को धन्यवाद प्राप्त हुआ।

## 'वैशाली की प्राप्त प्रकाश संबंधित शिकायत का हुआ तत्काल समाधान'

वसुंधरा जोन से अधिकांश समस्याएं प्राप्त हुई जिसमें उद्यान विभाग संबंधित संदर्भ प्राप्त हुए। पार्कों को व्यवस्थित करने के विषय पर संदर्भ प्राप्त हुए जिस पर नगर आयुक्त ने उद्यान विभाग टीम को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। वैशाली सेक्टर 2 हाई मास्क ठीक करने हेतु प्रकाश विभाग की शिकायत प्राप्त हुई जिसका तत्काल निस्तारण कराया गया। क्षेत्र वासियों द्वारा निगम टीम को धन्यवाद दिया गया। संभव के दौरान संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश भी उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद में 9 बच्चों का आरटीई के तहत मिलेगा एडमिशन

## पेरेंट्स एसोसिएशन और अभिभावकों का धरना हुआ खत्म, 2 स्कूल में देंगे दाखिला





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन और बच्चों के पेरेंट्स ने आरटीई के तहत एडमिशन को लेकर उत्तम स्कूल पर धरना दिया। धरने के छठे दिन स्कूल प्रबंधन एडमिशन देने के लिए तैयार हो गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एडीएम सिटी और खंड शिक्षा अधिकारी ने उत्तम स्कूल प्रबंधन से बातचीत की थी। एडमिशन जुड़े डेटा भी लिया गया था।

गाजियाबाद पेरेंट्स संगठन के मीडिया प्रभारी विवेक त्यागी ने बताया कि इस बीच कल रात जीपीए पर भी धरना समाप्त करने का भारी दबाव बनाया गया। जीपीए ने जिला प्रशासन के दबाव को दरकिनार करते हुए साफ कर दिया कि जब तक बच्चों के दाखिला नहीं हो जाते तब तक धरना खत्म नहीं होगा।

### 2 स्कूलों में होंगे बच्चों के एडमिशन

4 एडमिशन दो दिन पहले ही उत्तम स्कूल द्वारा ही लिए जा चुके थे। उत्तम स्कूल अब कुल 6 बच्चों को एडमिशन देने के लिए तैयार हो गया है। बाकी 3 बच्चों के एडमिशन सिल्वर लाइन प्रेस्टिज स्कूल में होंगे।

### पेरेंट्स ने धरना किया खत्म

दोनों ही स्कूलों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों के पेपर जमा कराए है। वहीं एडीएम सिटी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के अनुरोध पर धरना समाप्त कर दिया गया। गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने कहा कि ये गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन और आरटीई के अभिभावकों के

# 'साहब! वार्ड 70 में कूड़े के ढेर लगने से परेशान हैं लोग'





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के दावे करने वाले निगम निगम के अधिकारियों की नजर जनकपुरी के वार्ड 70 में लगे कूड़े के ढेर पर नहीं पड़ रही है। स्थिति यह है कि गंदगी के ढेर से उठती बदबू से स्थानीय लोग खासे परेशान हैं। लापरवाही का आलम यह है कि शिकायती पत्र देने के बाद भी क्षेत्रवासियों की सुनने वाला कोई नहीं है, जिससे लोगों में गुस्सा है। जनकपुरी वार्ड 70 के निवासी सोनू, वेदप्रकाश, मोहम्मद हुसैन, राजू आदि ने बताया कि उनके क्षेत्र के बाहर खाली प्लाट व सड़क किनारे कुड़े के ढेर दिखाई दे रहे हैं। उम्मीद थी कि नगर निगम समय पर उक्त कूड़े को उठवा लेगा, लेकिन कोई गाड़ी यहां कूड़ा उठाने नहीं पहुंची। यही नहीं नालियों की सफाई भी समय पर नहीं होती है। बरसात में नालियां लबालब होने से मोहल्ले में गंदा पानी भी भर जाता है। परिणामस्वरूप आसपास दुर्गंध फैली रहती है।

### रहना दुश्वार हो गया है: सोनू



**करंट क्राइम।** स्थानीय निवासी सोनू ने बताया कि वहां रहना दुश्वार हो गया है। साथ ही गंदगी से जनित मच्छरों से बीमारी होने का भी खतरा बढ़ रहा है। इस संबंध में नगर निगम को कई बार प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### कई बार शिकायत की जा चुकी है : वेदप्रकाश



**करंट क्राइम।** वेदप्रकाश ने बताया कि लोहिया पार्क के सामने साफ-सफाई करवाने के लिए नगर निगम व पार्षद को कई बार शिकायत की जा चुकी है। परंतु सफाई नहीं कराई जा रही है। वार्ड में जगह-जगह गंदगी का ढेर लगा हुआ है और नालियां पूरी तरह चौक हो गई हैं। आराधना रोड पर ये आलम है कि बारिश में कूड़ा तैरता नजर आता है।

### गंदगी और बदबू से लोग बीमार हो रहे हैं : राजू



**करंट क्राइम।** वार्डवासी राजू का कहना है कि लोहिया पार्क के पास की साफ-सफाई नियमित रूप से कूड़ा नहीं उठ रहा है, जिससे कॉलोनी में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, लोग बीमार हो रहे हैं। नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है।

### अव्यवस्था से लोग परेशानी : मोहम्मद हुसैन



**करंट क्राइम।** वार्ड वासी मोहम्मद हुसैन ने बताया कि आराधना से ईएसआई रोड तक को कूड़ाघर बना रखा है। पास में कई मार्केट हैं जिन दुकानों में बैठना भी मुश्किल हो जाता है। कालोनियों में पानी की निकासी का कोई प्रबंध नहीं है। बारिश का पानी महीनों तक भरा रहता है, जिसमें डेंगू के मच्छर पनप रहे हैं। जनता परेशानी से दो-चार हो रही है, परंतु जनप्रतिनिधियों को जनता की कोई सुध ही नहीं है।



### दो दिन और होगी परेशानी : पवन कुमार

**करंट क्राइम।** मुख्य सफाई इंस्पेक्टर पवन कुमार का कहना है कि कांवड़ यात्रा के चलते पाइपलाइन पर कूड़ा नहीं जा रहा। पुलिस ने रास्ता बंद कर रखा है। रात के समय एसटीपी पर कूड़ा जा रहा है। जिस कारण कूड़ा उठाने में देरी हो रही है। दो अगस्त यानी की कांवड़ यात्रा समाप्त हो जाने के बाद से नियमित रूप से कूड़ा उठेगा।

# जीआरपी पुलिस ने दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार



**चोरों के पास से साढ़े आठ लाख रुपए का सामान बरामद**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीआरपी गाजियाबाद पुलिस ने दो चोरों को लाखों रुपए के महंगे सामानों के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चोरों से 7 महंगे मोबाइल, 4 आई पैड तथा 4 लैपटॉप बरामद हुए हैं। इनकी बाजार कीमत लगभग 8 लाख 60 हजार रुपए है। जीआरपी पुलिस गाजियाबाद डीएसपी सुदेश गुप्ता ने बताया कि थाना जीआरपी की यह बड़ी सफलता है। इस चोरों पर पूर्व में दर्जन भर केस दर्ज हैं। पकड़े गए चोर 28 वर्षीय अलीगढ़ का सलीम और 31 वर्षीय जौनपुर का आलोक है। इन दोनों को जीआरपी थाना अध्यक्ष अनुज मालिक और उनकी टीम ने गाजियाबाद के प्लेटफार्म 5-6 से गिरफ्तार किया है। इन दोनों की गिरफ्तारी से 4 अभियोगों का अनावरण हुआ है। चलती ट्रेन में चोरी को अंजाम देते थे, ज्यादातर एसी कोच को निशाना बनाया करते थे।

# नोएडा में कोचिंग सेंटर के बेसमेंट किए सील

## अनअकैडमी को दी वॉर्निंग , फायर ब्रिगेड की ज्वाइंट टीम कर रही जांच

**नोएडा।** दिल्ली में हुई बारिश के बाद कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर गया था। इससे तीन छात्रों की मौत हो गई थी। इसके बाद नोएडा प्रशासन हरकत में आ गया है। प्रशासन प्राधिकरण और अग्निशमन की ज्वाइंट टीम ने नोएडा के कोचिंग सेंटर पर छापा मारा।

यहां कई कोचिंग सेंटर की क्लास बेसमेंट में चल रही थी। यहां अभी तक 2 कोचिंग सेंटर के बेसमेंट को सील किया गया। वहीं एक कोचिंग सेंटर को वॉर्निंग दी गई है। इसके अलावा लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है।





ज्वाइंट टीम में प्राधिकरण के वर्क सर्कल 4, एडीएम और चीफ फायर ऑफिसर प्रदीप चौबे मौजूद है। जिन कोचिंग सेंटर के बेसमेंट को सील किया गया उनमें फीटजी, आकाश कोचिंग है। वहीं अनअकैडमी को वॉर्निंग दी गई है। डीआईओएस धर्मवीर सिंह ने बताया कि दिल्ली में दो दिन पहले हुए हादसे के बाद जॉइन टीम बनाकर नोएडा की कोचिंग सेंटर का कार्रवाई की जा रही है। यहां पर अभी तक दो कोचिंग सेंटर के बेसमेंट को सील किया गया है। पहले कोचिंग सेंटर आकाश इंस्टीट्यूट है। जिसमें उन्होंने बताया कि बेसमेंट का प्रयोग कॉन्फ्रेंस हॉल के रूप में करते थे। लेकिन मौके पर छात्र पढ़ते हुए पाए गए। दूसरा सेंटर फिटजी है। जिसमें बेसमेंट का प्रावधान पार्किंग के रूप में है। जबकि यहां पर भी क्लासेस चलाई जा रहे थी ऐसे में दोनों को सील कर दिया गया है।

# गाजियाबाद जेल में हापुड़ के कैदी की मौत




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद की डासना जेल में सोमवार रात एक कैदी की मौत हो गई। कोर्ट से 6 साल की सजा पाने के अगले ही दिन उसकी तबीयत बिगड़ गई और दम तोड़ दिया। मृतक के शव का आज पोस्टमार्ट होगा। इसके बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा। मरने वाले की पहचान इमरान पुत्र अब्दुल खालिक निवासी पुराना बाजार हापुड़ के रूप में हुई। हत्या के प्रयास के मुकदमे में कोर्ट ने उसको 6 साल की सजा सुनाई थी।

**जेल जाने के 24 घंटे बाद ही तबीयत बिगड़ी :** 25 जुलाई को वो गाजियाबाद की डासना जेल में बंद किया गया। 26 जुलाई को अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों का आरोप है कि तबीयत बिगड़ने के बावजूद जेल प्रशासन ने इमरान को अस्पताल में भर्ती नहीं कराया। इस वजह से उसकी हालत बिगड़ती चली गई। सोमवार रात इमरान ने दम तोड़ दिया। जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने कहा- मृत्यु का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पूरे मामले की मजिस्ट्रेट जांच भी कराई जाएगी, ताकि बाद में आरोप-प्रत्यारोप की कोई गुंजाइश भी न रहे।

## सम्मान



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बाल्मिकी समाज के प्रदेश अध्यक्ष तथा सफाई कर्मचारी नेता और भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री एससी प्रकोष्ठ प्रदीप चौहान मंगलवार को दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय आये। उन्होंने समाचार संपादक दीपक भाटी को महर्षि बाल्मिकी का चित्र तथा पटका पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि दैनिक करंट क्राइम पत्रकारिता के मापदंडों पर खरा उतरा है और ये एक अखबार नहीं बल्कि लाखों पाठकों का परिवार है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

**Sagar Kashyap** is with **Upendra Pratap Singh Shishodia** and **55 others**.
1h ·

आज मेरठ रोड शिव कांवड़ सेवा संघ कैंप में परिवार सहित भोले की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त किया।
इस अवसर पर श्री राजेंद्र त्यागी जी, श्री सुरेन्द्र पाल त्यागी जी, सागर ज्वैलर्स वाले वर्मा जी व अन्य सेवादार उपस्थित रहे।



गाजियाबाद करंट क्राइम। शिव भक्ति का सैलाब उमड़ रहा है और ऐसे में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप के सुपुत्र सागर कश्यप भी शिव भक्त कावंडियो की सेवा करने के लिए मेरठ रोड़ पर लगे शिविर में पहुंचे। यहां उन्होंने परिवार सहित सेवा की ओर इस पल को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।